रोहतक
मंगलवार 3 मार्च 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा
वर्ष : 30, अंक : 28
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 10.0

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



बजट स्पेशल पेज अंदर पढ़ें

## अमेरिका-इजराइल का ईरान पर सैन्य अभियान दुनिया भर में तेल संकट गहराने का खतरा बढ़ा

### ईरान का 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला, जंग से दशहत और भय का माहौल

# ईरान का सऊदी में अरामको रिफाइनरी पर ड्रोन अटैक, कुवैत में तीन अमेरिकी जेट्स क्रैश हुए

**अमेरिका-इज़राइल पर ईरान के हमले को जवाब माना जा रहा**

**हमले में कोई घायल नहीं हुआ अभी नुकसान की जांच जारी**

**550,000 बैरल प्रतिदिन की क्षमता वाली है रास तानूरा रिफाइनरी**

**ओमान की खाड़ी में तेल टैंकर पर हमला, भारतीय नाविक की मौत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इज़राइल-ईरान युद्ध ने मध्य पूर्व को और अधिक खतरनाक बना दिया है। ईरान ने सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया है। ईरान ने सऊदी अरब की अरामको रिफाइनरी पर घातक ड्रोन हमला किया है, जिससे भारी आग लग गई और कच्चे तेल की सप्लाई रोकनी पड़ी। सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी अरामको की रास तनुरा रिफाइनरी पर ड्रोन हमला हुआ, जिसके बाद वहां आग लग गई और रिफाइनरी को एहतियातन बंद कर दिया गया। यह रिफाइनरी मध्य पूर्व की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है, जिसकी क्षमता लगभग 550,000 बैरल प्रति दिन है और यह सऊदी क्रूड ऑयल के निर्यात के लिए महत्वपूर्ण टर्मिनल भी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान ने यह हमला शाहिद -136 ड्रोन से किया, जो अमेरिका-इज़राइल द्वारा ईरान पर हालिया हमलों का जवाब माना जा रहा है। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे। हमले के बाद रिफाइनरी में छोटी और अलग-थलग आग लगी, जिस पर जल्द ही काबू पा लिया गया। कोई हताहत होने की खबर नहीं है, और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने सूत्रों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। अरामको ने अभी तक आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन रिफाइनरी को एहतियाती कार्रवाई के तौर पर बंद किया गया।

**ईरान ने यह हमला शाहिद 136 ड्रोन से किया**

### ट्रंप की धमकी अभी 3-4 हफ्ते और चलेगा सैन्य अभियान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ चार से पांच सप्ताह तक सैन्य अभियान जारी रह सकता है, लेकिन वह इससे ज्यादा समय तक के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। वे जरूरत पड़ने पर ईरान में अमेरिकी जमीनी सैनिकों को भेजने से इनकार नहीं करेंगे।

### अमेरिकी विमान ईरान के खिलाफ ऑपरेशंस में शामिल थे



- बहरीन के सलमान पोर्ट पर ईरानी मिसाइल से हमला
- इजराइल ने पहली बार आयरन बीम डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया
- इजराइल बोला ईरान के 2 खुफिया अधिकारियों को मारा
- इज़रायल ने बेरूत में हिज़्बुल्लाह के ठिकानों पर बमबारी की
- ईरान बोला- हमने नेतन्याहू के दफ्तर को उड़ाया, इजराइल ने खबर का खंडन किया
- कुवैत में यूएस दूतावास परिसर में धुएं का गुबार

### ओमान में एक भारतीय की मौत

ओमान में ईरान की ओर से किए गए हमले में एक भारतीय की मौत हो गई है। ओमान की मीडिया के अनुसार तेल टैंकर पर ईरान ने हमला किया, जिसमें एक भारतीय की मौत हुई।

### ईरान का आरोप, परमाणु संयंत्र को बनाया निशाना

इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी में ईरान के दूत ने सोमवार को आरोप लगाया कि अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों में ईरान के नतान्ज परमाणु संवर्धन स्थल को निशाना बनाया गया है। इजराइल और अमेरिका ने परमाणु स्थल पर हुए हमलों की बात को स्वीकार नहीं किया है। इस पर अमेरिका ने जून में ईरान और इजराइल के बीच हुए 12 दिवसीय युद्ध के दौरान बमबारी की थी। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) में ईरान के राजदूत रजा नजाफी ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ किए गए गैरकानूनी, आपराधिक और क्रूर हमलों की कड़ी निंदा की।

### कतर का दावाः दो ईरानी लड़ाकू विमान मार गिराए

ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच कतर ने बड़ा कदम उठाया है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने खुलासा किया कि उसकी एयरफोर्स ने ईरान के दो एसयू-24 बॉम्बर जेट को मार गिराया। कतर के नेवल और एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में उड़ती सात बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट कर दिया और पांच ईरानी ड्रोन इंटरसेप्ट कर लिए।

## मोदी ने तेल संकट को लेकर सीसीएस बैठक की, यूएई-इजराइल से की चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेल संकट को लेकर नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। पश्चिम एशिया में ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री ने कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक बुलाई। इस बैठक में क्षेत्र की मौजूदा स्थिति, भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य पर पड़ने वाले प्रभावों की विस्तृत समीक्षा की गई। सीसीएस की बैठक में देश के शीर्ष सुरक्षा और रणनीतिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन और विदेश सचिव विक्रम मिसरी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समिति को ईरान और इजराइल के बीच हालिया सैन्य घटनाक्रमों और क्षेत्र में हुई वृद्धि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और अधिकारियों ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से ईरान में हुए हवाई हमलों और उसके बाद उत्पन्न हुई अस्थिरता पर चर्चा की गई।

### मोदी ने बहरीन किंग सऊदी प्रिंस से बात की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहरीन के किंग, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और जॉर्डन के किंग से फोन पर बात की। पीएम ने दोनों देश के नेताओं से भारतीय समुदाय को लोगों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। साथ ही बातचीत में क्षेत्र में हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी टेलीफोन पर बातचीत की।

## आईडीएफसी घोटाला मामले में अब तक छह आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रदेश के सरकारी विभागों के बैंक खातों में हुए 590 करोड़ के घोटाले में आए दिन नए खुलासे हो रहे हैं। इस केस में बैंकर, बिजनेसमैन व ज्वेलर्स के नाम जुड़ चुके हैं और आईएएस अफसरों की मिलीभगत भी सामने आई है।

अब तक छह आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जोकि रिमांड पर चल रहे हैं। मास्टरमाइंड ने ही चार आईएएस अफसरों ने नाम उगले हैं। ऐसे में एंटी क्रप्शन ब्यूरो (एसीबी) आए दिन नए खुलासे कर रही है और प्रधानमंत्री कार्यालय ने रिपोर्ट मांग ली है। इस पूरे नेटवर्क को खड़ा करने में मोहाली से गिरफ्तार एक्स बैंकर मनीष जिंदल की भूमिका अहम और सक्रिय रही। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जांच के अनुसार मनीष जिंदल अपने बेटे पवन जिंदल के साथ मिलकर साजिश रचता, फर्जी फर्मों का जाल बिछाकर सरकारी राशि की बंदरबांट करता और बदले में करोड़ों रुपये व महंगे सामान लेता था।

**590 करोड़ की धोखाधड़ी में मनीष जिंदल केंद्र में है**

### अब तक ये पकड़े गए

- रिभव रिषी (आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ सेक्टर-32 स्थित ब्रांच का मैनेजर)
- अभय (आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ सेक्टर-32 स्थित ब्रांच में रिलेशनशिप मैनेजर रहा)
- स्वाति सिंगला ( अभय की पत्नी व स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट की शेयर होल्डर)
- अभिषेक ( अभय की साला)
- नरेश भुवानी ( विकास एवं पंचायत विभाग का सुपरिंटेंडेंट)
- मनीष जिंदल ( पूर्व एक्स बैंकर व घोटाले की नींव रखने वाला)

**आपसी व्यापार 50 अरब डॉलर ले जाने का लक्ष्य रखा**

## भारत व कनाडा के बीच हुआ यूरेनियम आपूर्ति पर समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और कनाडा ने सोमवार को यूरेनियम एवं महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को लेकर अहम समझौतों पर हस्ताक्षर करने के साथ वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को जल्द अंतिम रूप देने पर भी सहमति बनी। दोनों नेताओं के बीच यहां हुई बातचीत के दौरान रक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, छोटे एवं मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर (एसएमआर), शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया।



### मोदी और कनाडा के पीएम मार्क ने वार्ता की

प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को जल्द अंतिम रूप देने पर भी सहमति बनी। मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। फिलहाल 13 अरब डॉलर है। कनाडा के पास दुर्लभ खनिजों का भंडार मौजूद है।

## ईपीएफओ में 8.25 फीसदी की दर से ही मिलेगा ब्याज

**नई दिल्ली।** देश के करोड़ों सैलरी पेशा कर्मचारियों के लिए एक बड़ी खबर है। दरअसल, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ईपीएफओ की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है और इसे 8.25 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा है। यह लगातार दूसरे वर्ष बरकरार रखी गई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक हुई, जिसमें पीएफ ब्याज दरों को लेकर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ईपीएफओ का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है, जो फंड के प्रबंधन, निवेश और वितरण की निगरानी करता है। पिछले साल फरवरी में, ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ब्याज दर को 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा था।




**यह दर लगातार दूसरे वर्ष बरकरार रखी गई**

# वंतारा फाउंडेशन डेः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के एक वर्ष बाद, अनेक जानवर स्वस्थ होकर फिर से जंगल में लौटे








एजेंसी ▶▶ जामनगर

वंतारा फाउंडेशन डेः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के एक वर्ष बाद, अनेक जानवर स्वस्थ होकर फिर से जंगल में लौटेजामनगर, गुजरातः वंतारा फाउंडेशन डे के अवसर पर, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसके उद्घाटन के एक वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, वंतारा ने वन्यजीव बचाव, उन्नत चिकित्सीय देखभाल और विज्ञान-आधारित संरक्षण में अपने एक वर्ष के मापनीय प्रभाव पर प्रकाश डाला।

अनंत मुकेश अंबानी द्वारा स्थापित वंतारा ने विभिन्न प्रजातियों के हजारों बचाए गए वन्य जीवों—जिनमें बड़े बिल्लीनुमा जीव, सरीसृप, प्राइमेट्स (वनमानुष वर्ग), पक्षी तथा अन्य स्तनधारी शामिल हैं—को स्वस्थ किया है। बीते वर्ष में इसकी पशु-चिकित्सा टीमों ने कई जटिल शल्य प्रक्रियाएं कीं और अनेक जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास में पुनर्वासित किया, साथ ही बचाव, उपचार और पूर्ण स्वस्थ होने के बाद कई जानवरों को पुनः जंगल में छोड़ा।अपने पहले वर्ष में, अनंत अंबानी को वन्यजीव की विशेष देखभाल और संरक्षण में उनके उल्लेखनीय वैश्विक योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'ग्लोबल ह्यूमेन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। जो करुणा और विज्ञान-आधारित संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। वंतारा के कार्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर EARAZA और SEAZA की सदस्यता, ग्लोबल ह्यूमेन कंजर्वेशन सर्टिफिकेशन तथा प्राणी मित्र पुरस्कार 2025 के माध्यम से भी मान्यता मिली है। सम्मान से आगे बढ़ते हुए, संगठन ने दीर्घकालिक प्रभाव निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया है—सैकड़ों पशु-चिकित्सकों को संरक्षण चिकित्सा में प्रशिक्षित किया, 50 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ज्ञान-साझाकरण कार्यक्रम आयोजित किए, और हजारों बच्चों को जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जोड़ा, ताकि अगली पीढ़ी को संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा सके।पिछले एक वर्ष में, वंतारा ने संकटग्रस्त और शोषणपूर्ण परिस्थितियों से जानवरों का बचाव किया है, साथ ही उन्हें विश्व-स्तरीय पशु-चिकित्सीय देखभाल और दीर्घकालिक, विशेष सहायता प्रदान की है। लकड़ी ढुलाई, सर्कस, सवारी और भीख मांगने जैसी गतिविधियों से बचाए गए 250 से अधिक हाथियों—जो गठिया और अन्य आयु-संबंधी बीमारियों से ग्रस्त थे—को विशेष देखभाल दी जा रही है। वंतारा भीड़भाड़ वाली सुविधाओं से बचाए गए हजारों मगरमच्छों की निरंतर देखभाल भी करता है। भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर सहयोग के माध्यम से, वंतारा करुणा, कल्याण और विज्ञान पर आधारित एक वैश्विक संरक्षण मॉडल को प्रतिबिंबित करता है।वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र (पश्चिम क्षेत्र) के रूप में नामित वंतारा ने वन्यजीव स्वास्थ्य को व्यापक रोग निगरानी और समन्वित प्रतिक्रिया प्रणालियों में एकीकृत कर भारत के 'वन हेल्थ' पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ किया है। इसकी वैज्ञानिक संरचना में एक केंद्रीय वैज्ञानिक प्रयोगशाला और 11 उपग्रह प्रयोगशालाएं शामिल हैं, जिनमें 70 से अधिक विशेषज्ञ कार्यरत हैं और जो प्रतिदिन 2,000 से अधिक नैदानिक नमूनों की जांच करती हैं। इनकी क्षमताओं में बायो-बैंकिंग, नेक्स्ट-जनरेशन सीक्वेंसिंग, आणविक निदान, पैथोलॉजी, परजीविविज्ञान और विषविज्ञान शामिल हैं।प्रतिदिन हजारों जानवरों की देखभाल का समर्थन करते हुए, वंतारा पूरी तरह स्वचालित प्रणालियों के माध्यम से 1,56,000 किलोग्राम उच्च-गुणवत्ता वाला पोषण तैयार करता है, जिसे 50 तापमान-नियंत्रित वाहनों के माध्यम से वितरित किया जाता है और 200 प्रशिक्षित पेशेवरों द्वारा प्रबंधित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, 1,000 से अधिक किसान चारा और पशु-आहार की खेती में सहयोग करते हैं। इस एकीकृत देखभाल के व्यापक स्तर के साथ 200 सदस्यों की चौबीसों घंटे सक्रिय प्रतिक्रिया टीम भी कार्यरत है, जिसने 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय बचाव अभियानों तथा 15 वन्यजीव त्वरित प्रतिक्रिया एवं बचाव टीम तैनातियों में सहयोग प्रदान किया है।

## किसने क्या कहा

### महिला और शिशु सुरक्षा के लिए किए विशेष प्रबंध

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि बजट से प्रदेश में स्वास्थ्य तंत्र मजबूत होगा।



बजट में महिलाओं को स्वस्थ व सक्षम बनाने की पहल की गई है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 2025-26 में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 10,539.96 करोड़ का प्रावधान किया गया था जबकि इस वर्ष 2026-27 में 14,007.29 करोड़ का आवंटन किया गया है , यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में 32.89% अधिक है। इससे विभाग को गति मिलेगी।

### खिलाड़ियों व युवाओं को बजट में मिली सौगातें : गौरव गौतम

खेल, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने वर्ष 2026-27 के राज्य



बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश के खिलाड़ियों, युवाओं और उभरते उद्यमियों के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त हरियाणा के संकल्प को मजबूत करने वाला है। खेल क्षेत्र के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं।

### महिलाओं, युवाओं और छात्रों का विशेष ध्यान रखा

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने वित्त मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री नायब सैनी



द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ता सशक्त और संतुलित बजट बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में महिलाओं, युवाओं और किसानों, छात्रों का विशेष ध्यान रखा है। डा. पूनिया ने बजट की प्रशंसा करते हुए बजट को हरियाणा की आर्थिक मजबूती की ओर निर्णायक कदम साबित होगा।

### प्रदेश को कर्ज की दलदल में धकेल रही सरकार : अभय

इनेलो के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए पेश



किए बजट को केवल मात्र आंकड़ों की बाजीगरी बताते हुए कहा कि प्रदेश का कुल बजट 2 लाख 23 हजार 658 करोड़ रुपये रखा गया है जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले 18 हजार करोड़ रुपये बढ़ाया गया है जबकि कर्ज में जो प्रस्तावित बढ़ोतरी है वो 40 हजार करोड़ रुपये है। इस वर्ष कर्ज की राशि लगभग 4 लाख 30 हजार करोड़ रुपये पार कर जाएगी।

### बजट दिशाहीन, समाज के किसी वर्ग को कुछ नहीं मिला

कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सुरजेवाला ने बजट पेश दिशाहीन, जुमलों से



भरा और जन-विरोधी करार दिया। सुरजेवाला ने कहा कि 3 घंटे से अधिक का भाषण सिर्फ दिखावा था, जबकि किसान, युवा, मजदूर, एससी/बीसी समाज और आम नागरिकों की असली समस्याओं पर चुप्पी साध ली गई। उन्होंने कहा कि कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है, हर हरियाणवी पर लाखों का कर्ज हो गया है। इससे प्रदेश में गरीबी तेजी से बढ़ेगी।

### महिलाओं के स्वास्थ्य पर सरकार का फोकस : राजेश

डॉ. राजेश ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की करीब 3 लाख



लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन दी जाएगी। साथ ही, हर सब-डिस्ट्रिक में 'स्वस्थ नारी क्लीनिक' खोले जाएंगे। महिलाओं की सुरक्षा पुख्ता करने के लिए राज्य में 7 नए महिला पुलिस स्टेशन और साइबर अपराध से निपटने के लिए 3 विशेष स्टेशन स्थापित होंगे। 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाली महिलाओं को 'लाडो लक्ष्मी योजना' का लाभ मिलेगा। '

## महिलाओं को स्वस्थ व सक्षम बनाएगी सरकार

# म्हारी लाडो अब एटीएस में कमांडो बनकर करेगी आतंकियों का सफाया

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के बजट में महिलाओं व युवाओं पर सरकार का विशेष फोकस रहा। नारी शक्ति को स्वस्थ व सक्षम बनाने के लिए सरकार ने अनेक घोषणाएं की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घोषणा की है कि हरियाणा में आतंकवादी विरोधी गतिविधियों के लिए एंटी टेररिस्ट स्क्वायड का गठन किया जा रहा है। इसके लिए बजट में 35 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस एटीएस में महिला कमांडो को भी शामिल करने का प्रस्ताव है। इसके साथ महिलाओं का उत्पीड़न रोकने वा उनकी शिकायतों पर तुरंत सुनवाई के लिए लोहारू, बरवाला, नरवाना, समालखा, महम, रादौर व पिहोवा में नए महिला थाने बनेंगे। सोनीपत, गोहाना व बहादुरगढ़ में 3 नए साइबर क्राइम थाने बनेंगे।बजट में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का दायरा बढ़ाने की घोषणा की है। 25 सितंबर 2026 से इस योजना के अंतर्गत पात्रता आय सीमा को बढ़ाकर 1.80 लाख रुपए कर दिया जाएगा। इस बजट में इस योजना के तहत 6500 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। पिछले साल बजट में इसके लिए 5 हजार करोड़ रुपए रखे गए थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि 1000 आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनवाड़ी के रूप में अपग्रेड किया जाएगा।




### शादी से लेकर विदाई के लिए वेडिंग जोन बनेंगे

मुख्यमंत्री ने बजट आम जनता, युवाओं, महिलाओं की जरूरतों और उनकी धार्मिक आस्थाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया है। शादी ब्याह से लेकर बेटी की विदाई तक के लिए आने वाले वक्त में पंचकूला के पिजौंर और राज्य के कई अहम शहरों में आधुनिक वैडिंग जोन तैयार करने की योजना है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अगर कोई महिला अपने नाम पर गाड़ी खरीदती है, तो उसे टैक्स में 1% की छूट मिलेगी, जिससे महिलाओं को गाड़ी खरीदने में मदद मिलेगी। इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने पर टैक्स में पहले से ही 20% की छूट मिल रही है, जिसे और बढ़ाया जाएगा, ताकि लोग गाड़ियां खरीदने के लिए प्रोत्साहित हों और प्रदूषण कम हो।

### बसों में ट्रैकिंग डिवाइस और पैनिक बटन लगाए जाएंगे

सभी सरकारी बसों और टैक्सियों में ट्रैकिंग डिवाइस और पैनिक बटन लगाए जाएंगे, जिससे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पैनिक बटन दबाने पर कंट्रोल रूम को पता चल जाएगा और तुरंत मदद भेजी जा सकेगी। लोगों को बसों के बारे में जानकारी आसानी से मिल सके, इसके लिए 15 अगस्त, 2026 तक एक मोबाइल ऐप शुरू किया जाएगा, जिससे बस कहां है और कब आएगी, यह पता चल सकेगा। इन सभी योजनाओं का मकसद महिलाओं को ताकत देना, प्रदूषण कम करना और लोगों के लिए परिवहन को आसान और सुरक्षित बनाना है।

### वीटा बूथों में महिला समूहों को 20 फीसदी रिजर्वेशन

2000 नए बीटा बूथ खोलने का अपने बजट भाषण में सीएम नायब सैनी ने ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इसमें स्वयं सहायता समूह चलाने वाली महिलाओं को वरीयता दी जाएगी। इन बूथों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 20% आरक्षण दिया जाएगा। 2026–27 में 3 लाख 14 वर्षीय किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण। हर जिला व उप-जिला अस्पताल में ‌‌स्वस्थ नारी सशक्त परिवार क्लीनिक। छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल महिलाओं के लिए आरक्षित बसों की संख्या 273 से बढ़ाकर 500 कर दी गई है।

## सभी स्कूलों में डबल डेस्क लगेंगी

# कोई भी बच्चा टाट पट्टी पर नहीं बैठेगा छात्रों के लिए खरीदी जाएंगी 1000 बसें

**ये बोले सीएम**

- डबल डेस्क की व्यवस्था के 200 करोड़ का प्रावधान
- जर्मन व जापानी भाषाएं पढ़ाने के लिए 100 शिक्षकों को करेंगे प्रशिक्षित
- उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से एक वर्चुअल एआई एवं डिजिटल कॉलेज शुरू होगा



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा दिवस तक राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में डबल डेस्क की व्यवस्था कर दी जाएगी। अब कोई भी बच्चा सरकारी स्कूल में टाट पट्टी पर नहीं बैठेगा। इसके अलावा, सरकार एकल पारी स्कूलों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। मुख्यमंत्री ने सुपर 100 योजना की सफलता का भी उल्लेख किया, जिसके तहत जेईई मेन्स में 227 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। इस योजना को और अधिक छात्रों तक पहुंचाने के लिए, उन्होंने सुपर 100 योजना के तहत सीटों की संख्या 400 से बढ़ाकर 500 करने की घोषणा की। यह कदम शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और छात्रों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विद्यार्थियों को बेहतर यातायात सुविधाएं प्रदान करने के लिए 1,000 नई बसों की खरीद की जाएगी, और महिला यात्रियों व छात्राओं के लिए समर्पित बसों की संख्या 273 से बढ़ाकर 500 की जाएगी। इसके अतिरिक्त, कनीना, नरवाना, गन्नौर एवं कलायत में नए बस अड्डों का निर्माण किया जाएगा, और एचएसएससी के परीक्षार्थियों को मुफ्त यात्रा सुविधा देने के लिए एक वेब पोर्टल बनाया जाएगा। इन पहलों का उद्देश्य राज्य में परिवहन सेवाओं को सुगम, सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति अधिक जिम्मेदार बनाना है।

**बच्चों का इंजीनियर बनने का सपना होगा पूरा, सुपर 100 योजना के तहत सीटों की संख्या 400 से बढ़ाकर 500 करने की घोषणा**

## मिशन ओलंपिक 2036 की तैयारी

# खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारेंगे अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक, बनेंगे स्टेडियम



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने खेल, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विकास विभाग के लिए अपने बजटीय भाषण में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 में हरियाणा के सभी नागरिकों में स्वस्थ जीवन शैली और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए 'फिट हरियाणा अभियान' शुरू किया जाएगा, जिसका शुभारंभ 30 सितंबर तक किया जाएगा। राज्य के होनहार खिलाड़ियों को नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण देने और अधिक पदक जीतने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। खेल अवसंरचना को मजबूत करने के लिए प्रत्येक जिले में एक सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और एक खेलो इंडिया लघु केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिसका संचालन किसी पूर्व चैंपियन खिलाड़ी को सौंपा जाएगा। इसके अतिरिक्त, कैथल, झज्जर, चरखी दादरी, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, जींद, रोहतक, फरीदाबाद, यमुनानगर, सोनीपत, फतेहाबाद और पलवल में 21 नए खेल स्टेडियमों का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 'मिशन ओलंपिक 2036' योजना के अंतर्गत वैज्ञानिक तरीकों से पूरे राज्य में प्रतिभा खोज अभियान शुरू करने की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी खेल परिसर, दौलताबाद को अपग्रेड करते हुए राज्य का पहला अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं से सुसज्जित पैरा खेल स्टेडियम बनाया जाएगा।

**पैरा खिलाड़ियों को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं, दौलताबाद के राजीव गांधी खेल परिसर को अपग्रेड किया जाएगा**

- महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए गुरुग्राम में 'नारी मंडपम' स्थापित होगा
- पिंक कैब योजना के तहत वाहन चलाने की ट्रेनिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर 10 लाख तक लोन मिलेगा
- एंटी टेररिस्ट स्क्वायड के लिए सरकार ने 35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया

## बजट में खास

### प्रदेश के 250 विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर 10 किलोमीटर के दायरे में मॉडल संस्कृति विद्यालय खोलने की दिशा में अब तक 25 राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शुरू किए जा चुके हैं। वर्ष 2026-27 में 250 विद्यालयों को सीएम (एक्सीलेंस एंड एरली इंग्लिश) विद्यालयों के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में शिक्षा उपलब्ध होगी। एसटीईएम शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए 615 नई एसटीईएम लैब में से 391 स्थापित की जा चुकी हैं। आगामी वर्ष में 250 अन्य विद्यालयों में 25 करोड़ रुपये की लागत से अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी।

### इसरो और डीआरडीओ के भ्रमण में जाएंगे मेधावी विद्यार्थी

मेधावी विद्यार्थियों को इसरो और डीआरडीओ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का भ्रमण कराया गया है, और आगामी वर्ष कक्षा 11वीं के 100 विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा जाएगा। कुशल बिजनेस चैलेंज' में 1.25 लाख विद्यार्थियों की 23 हजार टीमों ने भाग लिया, जिनमें से शीर्ष 66 टीमों को 1 लाख रुपये प्रति टीम की सीड मनी प्रदान की गई। यह योजना जारी रहेगी।

### वीर बाल मेमोरियल इनिशिएटिव योजना शुरू की जाएगी

मुख्यमंत्री बजट में ऐलान किया कि वीर बाल दिवस से प्रेरित होकर 6 करोड़ रुपये की लागत से ‘वीर बाल मेमोरियल इनिशिएटिव’ योजना शुरू की जाएगी। दुर्घटना में विद्यार्थी की मृत्यु होने पर परिवार को 5 लाख रुपये तथा दिव्यांगता की स्थिति में 3 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। वहीं तकनीकी शिक्षा विभाग भविष्य-केंद्रित और इंडस्ट्री-अलाइनड पाठ्यक्रम शुरू करेगा। 5 पॉलिटेक्निक संस्थानों में सप्ताहांत/सांयकालीन कोर्स प्रारंभ होंगे, जिससे युवाओं को नौकरी के साथ अतिरिक्त योग्यता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को विशेष वित्तीय सहायता देकर जुलाई 2026 सत्र से राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश दिलाने का प्रस्ताव है। इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के लिए एक एकीकृत डिजिटल पोर्टल विकसित किया जाएगा।

### छह करोड़ की लागत से शुरू होगी मोबाइल स्किल लैब

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के अंतर्गत भी अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की गई है। ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए 6 करोड़ रुपये की लागत से 6 मोबाइल स्किल लैब स्थापित की जाएंगी। इनमें ईवी मेंटेनेंस, सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयर तथा डिजिटल सेवाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंत्योदय परिवारों के युवाओं के लिए ‘मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम’ शुरू की जाएगी, जिसके अंतर्गत अप्रेंटिसशिप के दौरान वर्तमान छात्रवृत्ति के अतिरिक्त 1,500 रुपये प्रति माह की सहायता प्रदान की जाएगी। पीएम सेतु योजना के अंतर्गत सोनीपत और कुरुक्षेत्र में 241 करोड़ रुपये की लागत से एक-एक हब-एंड-स्पोक आईटीआई क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 50 करोड़ रुपये की लागत से करनाल, हिसार, रोहतक, गुरुग्राम और पलवल में पाँच नए युवा छात्रावास बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के शैक्षणिक संस्थानों में वर्ष भर विशेष व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं करियर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 50 करोड़ रुपये की लागत से ‘स्टेट स्किल फैकल्टी ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर’ स्थापित किया जाएगा।

## इनकी नजर में बजट




अनुराग ढांडा
राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी
आम आदमी पार्टी

### शिक्षा पर 2% से भी कम बजट हरियाणा के युवाओं से धोखा

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा शिक्षा के क्षेत्र में भी भाजपा सरकार की प्राथमिकताएं उजागर हो गई हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुताबिक शिक्षा पर कम से कम 6 प्रतिशत खर्च होना चाहिए, लेकिन हरियाणा सरकार ने केवल 1.9 प्रतिशत बजट शिक्षा के नाम पर रखा है। सरकारी स्कूलों में 15451 शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं और कॉलेजों में 2,400 से अधिक टीचिंग और नॉन-टीचिंग पद रिक्त हैं। जब शिक्षक ही नहीं होंगे तो युवाओं का भविष्य कैसे बनेगा। यह सरकार युवाओं के सपनों को कमजोर कर रही है। ने बजट को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज हरियाणा की मेहनतकश जनता एक बार फिर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा पेश किया गया बजट 2026-27 असल में विकास का नहीं, बल्कि कर्ज और झूठे वादों का दस्तावेज है।

### प्रदेश पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा : सैलजा



सांसद कांग्रेस महासचिव और पूर्व मंत्री सैलजा ने सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट दिशाहीन, आंकड़ों का खेल और बढ़ते कर्ज पर पर्दा डालने वाला दस्तावेज है। सांसद सैलजा ने कहा कि उन्होंने कहा कि सरकार 10.28 प्रतिशत बजट वृद्धि का दावा कर रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। केवल बजट का आकार बढ़ाना उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह देखना आवश्यक है कि उस धन का वास्तविक लाभ आम जनता तक कितना पहुंचेगा। बज

### खेल सुविधाएं बढ़ने से मिशन ओलंपिक 100 प्रतिशत पूरा होगा

कोच नवीन खोखर ने बताया कि मिशन ओलंपिक 2036 योजना के अंतर्गत प्रतिभा खोज अभियान, यदि जमीनी स्तर पर सुविधाएं आ जाएं, तो यह 100 प्रतिशत पूरा होगा। फिट हरियाणा अभियान एक अच्छा अभियान है। जो बच्चे इधर-उधर घूमते वे भी प्रेरित होकर मेहनत करके पसीना बहाएंगे। अगर बच्चे पसीना बहाएंगे तो स्वस्थ रहेंगे। इसके अलावा नशे से भी दूर रहेंगे। दौलताबाद में राजीव गांधी खेल परिसर को पहला पैरा खेल स्टेडियम बनाए जाने पर चर्चा हुई। कोच ने सुझाव दिया कि ऐसे स्टेडियम हर जिले में होने चाहिए। क्योंकि पैरा खिलाड़ी सभी जिलों में है। हर जिले में 'खेलो इंडिया लघु केंद्र बनेगा। यह भी अच्छा प्रयास है। इसमें बच्चों को ट्रेनिंग और डाइट की सुविधा देंगे। प्रदेश में 21 नए खेल स्टेडियम बनाने की योजना है, इससे नई प्रतिभा सामने आएगी।



नवीन खोखर
बॉक्सिंग कोच,
राजीव गांधी खेल परिसर, रोहतक

रोहतक, मंगलवार 3 मार्च 2026 ■ फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ■ वर्ष : 30, अंक : 28 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 मौसम अधि.32.0 न्यून.10.0 haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



**2.23** लाख करोड़ का कुल बजट पेश

**10.28** फीसदी वृद्धि पिछली बार से

## हरियाणा बजट 2026-27

यह खास

**3.10** घंटे तक मुख्यमंत्री ने विधानसभा में पढ़ा बजट भाषण

सैनी ने बजट भाषण की शुरुआत गुरु नानक देव जी के सिद्धांत, 'किरत कर, नाम जप, वंड छक' से की।



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को विधानसभा में बतौर वित्त मंत्री 2,23,658.17 करोड़ का बजट पेश किया। होली के अवसर पर पेश किए गए बजट में युवाओं, महिलाओं और खिलाड़ियों पर खूब रंग चढ़ा। इन वर्गों के लिए ढेर सारी घोषणाएं की गई हैं। वहीं, कर्मचारियों, इंडस्ट्री और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र पर भी रंगों की फुहार की गई। इस बार का बजट पिछले बजट की तुलना में 10.28 प्रतिशत ज्यादा रहा। सैनी ने बजट भाषण की शुरुआत गुरु नानक देव जी के सिद्धांत, 'किरत कर, नाम जप, वंड छक' से की। केसरिया पगड़ी पहनकर आए सैनी ने 3 घंटे 10 मिनट तक बजट भाषण पढ़ा। उन्होंने कहा- प्रदेश में एग्री डिस्कॉम नाम से नया बिजली निगम बनाया जाएगा, जिसके तहत किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन दिए जाएंगे। नए जिले हांसी को मॉडर्न जिले के रूप में विकसित किया जाएगा। हरियाणा रोडवेज द्वारा 50 नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद की जाएगी। ये बसें गुरुग्राम और चंडीगढ़ से मुख्य धार्मिक स्थलों जैसे कटरा, सालासर, खाटूश्याम, हरिद्वार, अमृतसर जाएंगी। इसके अलावा, महिला अपने नाम पर गाड़ी खरीदती है, तो उन्हें टैक्स में 1% की छूट मिलेगी। पुलिस भर्ती में अग्निवीरों के लिए 20 फीसदी रिजर्वेशन का प्रस्ताव रखा है।

# भाइयों बहनों पर बरसा रंग

- **1,00,000** युवाओं को एआई की ट्रेनिंग, 6 मोबाइल स्किल लैब बनेंगी
- **33%** आरक्षण कोटा महिलाओं को उचित मूल्य की दुकान आवंटन में
- **21** नए खेल स्टेडियम, खिलाड़ियों के लिए हर जिले में बनेगा सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक
- **2000** अतिरिक्त बोनस प्रति एकड़ दाल तिलहन उगाने पर मिलेगा किसानों को
- **100** नए स्वास्थ्य उप केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनेंगे
- **20** फीसदी आरक्षण मिलेगा अग्निवीरों को पुलिस नियुक्तियों में

## किस क्षेत्र को कितना मिला

हर क्षेत्र का बजट कुछ न कुछ बढ़ाया

**शिक्षा/खेल**
क्षेत्र के लिए 23603.69 करोड़ रुपये दिए गए

**सामाजिक न्याय**
क्षेत्र को 17250.72 करोड़ का आवंटन किया गया

**स्वास्थ्य**
क्षेत्र पर 14007.28 करोड़ खर्च होंगे

**गृह विभाग**
8475.01 करोड़ नागरिक सुरक्षा पर खर्च होंगे

**कृषि**
के लिए 8319.77 करोड़

**ऊर्जा**
6868 करोड़ आवंटित

**महिला एवं बाल विकास**
के लिए 2263.29 करोड़

**सहकारिता**
1970 करोड़

**पर्यावरण**
741.55 करोड़

## महिलाएं

**3** लाख बनेंगी लखपति दीदी

- लोहारू, बरवाला, नरवाना, समालखा, महम, रादौर व पिहोवा में 7 नए महिला थाने बनेंगे। 3 लाख लखपति दीदी बनाई जाएंगी। अब तक 4,83,361 महिलाओं की पहचान हुई।
- पिंक कैब योजना के तहत वाहन चलाने का ट्रेनिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए 5 लाख रुपये तक का लोन लेने की सुविधा मिलेगी।



- 1.80 लाख आय वाली महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2,100 महीना मिलेंगे। एक हजार आंगनवाड़ी केंद्रों को प्ले-स्कूल और 'सक्षम आंगनवाड़ी' के रूप में अपग्रेड किया जाएगा।
- महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए गुरुग्राम में 'नारी मंडपम' स्थापित होगा। उचित मूल्य की 4 हजार नई दुकानों के आवंटन में महिलाओं को 33% आरक्षण। महिला-समर्थ संस्थान पुरस्कार योजना शुरू होगी।
- 3 राज्य उद्यमिता विकास संस्थानों में 30% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित। अभी छात्राओं के लिए 273 बसें हैं, अब इनकी संख्या बढ़ाकर 500 कर दी जाएगी।

## विद्यार्थी

ट्रेनिंग प्रोग्राम में मिलेंगे 2000 रुपये प्रति माह

- 6 करोड़ की लागत से 6 मोबाइल स्किल लैब बनाई जाएंगी। एक लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की ट्रेनिंग दी जाएगी।
- पीएम सुगम योजना के अंतर्गत सोनीपत व कुरुक्षेत्र में 'हाई-एंड-स्पोक' आईटीआई क्लस्टर बनेंगे।



- 50 करोड़ से सेंटर बनेगा, जहां काम सीखने की ट्रेनिंग दी जाएगी और नए तरीके खोजे जाएंगे।
- ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने वाले छात्रों को हर महीने 2000 मिलेंगे। करनाल, हिसार, रोहतक, गुरुग्राम और पलवल में 5 नए हॉस्टल बनाए जाएंगे।
- ग्रामीण क्षेत्र के 20,000 से ज्यादा युवाओं को काम सीखने की ट्रेनिंग दी जाएगी। वैध रूट से विदेश में गए युवाओं की मृत्यु होने पर परिवार को वित्तीय सहायता।
- विदेश जाने से पहले युवाओं को ट्रेनिंग देने के लिए एक सेंटर खोला जाएगा। हरियाणा पुलिस की नियुक्तियों में अग्निवीरों को 20% आरक्षण मिलेगा।
- एचएसएससी के परीक्षार्थियों की सुविधा को बढ़ाने के लिए मुफ्त यात्रा सुविधा के लिए वेब पोर्टल खोला जाएगा।

## खिलाड़ी

- मिशन ओलिंपिक 2036 योजना के अंतर्गत प्रतिभा खोज अभियान शुरू होगा। फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए 'फिट हरियाणा अभियान' 30 सितंबर 2026 से शुरू होगा।
- राजीव गांधी खेल परिसर, दौलताबाद को राज्य का पहला पैरा खेल स्टेडियम बनाया जाएगा।



- कैथल, झज्जर, चरखी दादरी, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, जींद, रोहतक, फरीदाबाद, यमुनानगर, सोनीपत, फतेहाबाद व पलवल में 21 नए खेल स्टेडियम।
- खिलाड़ियों को बेहतर ट्रेनिंग देने के लिए इंटरनेशनल खिलाड़ियों की होगी नियुक्ति। हर जिले में एक खेलो इंडिया लघु केंद्र बनेगा, जो किसी पूर्व चैंपियन खिलाड़ी को सौंपा जाएगा।
- हर जिले में एक सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बनाया जाएगा।

## 1000 नई बसों की खरीद

विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा के लिए 1000 नई बसें खरीदी जाएंगी।

धार्मिक स्थलों के लिए 50 नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद होगी

2.2 लाख घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर लगाने का प्रस्ताव रखा

बजट स्पेशल पेज - II और 2

## किसान

कपास पर 4000 प्रोत्साहन राशि

- देसी कपास की खेती पर प्रोत्साहन राशि 3,000 की बजाय 4,000 प्रति एकड़ होगी धान छोड़कर दाल-तिलहन-कपास उगाने पर 2,000 प्रति एकड़ अतिरिक्त बोनस मिलेगा।
- 10 मंडियों में ऑर्गेनिक उत्पादन के लिए जगह मिलेगी।




- सीएम बागवानी बीमा योजना में फल व सब्जियों-मसालों पर मुआवजा बढ़ेगा।
- सिंगल बड तकनीक से गन्ना बिजाई पर 5,000 प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि।
- मधुमक्खी पालन भी मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में शामिल होगी।
- प्रदेश में 7 वेटरनेरी डिस्पेंसरी और 4 गवर्नमेंट वेटरनेसी अस्पताल खुलेंगे हिसार में 30 करोड़ की लागत से पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान केंद्र बनेगा।
- रेवाड़ी और अंबाला में 5 लाख लीटर क्षमता के 2 नए मिल्क प्लांट बनेंगे 8 नई एकीकृत खाद्य लैब बनेंगी। करनाल में दुग्ध व खाद्य परीक्षण लैब स्थापित की जाएगी।

## स्वास्थ्य

सात जिलों में लगेंगी एमआरआई मशीनें

- 18 जिलों में सीटी स्कैन, 7 जिलों में एमआरआई मशीन लगेंगी।
- फरीदाबाद जिला अस्पताल 200 से 400 बिस्तर में अपग्रेड होगा।
- सोनीपत व रेवाड़ी जिला अस्पताल 200 से 300 बिस्तर में अपग्रेड होंगे।
- बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में आईयूष वेलनेस सेंटर का निर्माण।



- सभी 23 जिला अस्पतालों में अमृत फार्मेसी स्टोर। निरोगी हरियाणा योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से बड़े नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा।
- फरीदाबाद, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, नूंह, पलवल, रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र और जींद में 17 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलेंगे।
- 100 नए स्वास्थ्य उपकेन्द्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनेंगे। यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और करनाल में 25 नए आयुष औषधालय बनेंगे।
- 50 नई एंबुलेंस, 150 बाइक एंबुलेंस और 157 नई बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस आएंगी। मानेसर के ईएसआईसी अस्पताल को 200 बिस्तर में अपग्रेड करके नया मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा।

## कर्मचारी

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मुफ्त इलाज

- औद्योगिक श्रमिकों की वार्षिक मुफ्त स्वास्थ्य जांच।
- पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मुफ्त इलाज व दवाइयां।



- श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय।
- केंद्रीय बलों के शहीद के परिवारों को 10 लाख अनुग्रह राशि। सैनिक/अर्धसैनिक कल्याण निगम की स्थापना।

## इंडस्ट्री

पानीपत में ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट

- 'लैंड ऑन लीज' पॉलिसी के तहत औद्योगिक प्लॉट लीज पर दिए जाएंगे।
- फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर और झज्जर में कॉमन इंडस्ट्रियल सेक्रेटेरिएट बनेंगे।



- छोटे व्यापारियों के लिए आग, चोरी से सुरक्षा के लिए बीमा योजना शुरू होगी। राई में देश का सबसे बड़ा होलसेल मार्केट कॉम्प्लेक्स बनेगा।
- गुरुग्राम, खरखौदा व पिंजौर में स्थापित होगी डेपिंग सिटी। पानीपत में ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट बनेगा।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर

- करनाल, जींद, डबवाली, लाडवा, लोहारू, उचाना और कुरुक्षेत्र में नए विश्राम गृह।
- 5,000 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुधारिकरण होगा। गुरुग्राम-पटौदी रोड 6 लेन और फरुखनगर बाईपास तैयार होगा।
- 18 नए आरओबी और 12 आरयूबी बनेंगे। पंचकूला के पिंजौर में हेलीपोर्ट बनाया जाएगा।
- करनाल में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट तैयार होगा। पिंजौर में मॉडर्न फिल्म सिटी बनेगी।
- करनाल के हसनपुर गांव में में डियर पार्क बनेगा।

## आम आदमी को मिले ये तोहफे

### घर

**71 शहरों में काटे जाएंगे 849 सेक्टर**

सीएम ने बताया कि 71 शहरों में 849 नए सेक्टर बनेंगे। 1.67 लाख एकड़ जमीन खरीदने के लिए पोर्टल पर किसानों से आवेदन मांगे गए हैं। इनमें लाडवा, घरोंडा, पिहोवा, पृथला, रायपुररानी, टोहाना, बेरी, मतलौडा, इंद्री, फिरोजपुर झीरका, हथीन, नारनौंद, उकलाना, उचाना, भट्टू, रतिया, सफीदों व इसराना जैसे छोटे शहर भी शामिल हैं। गुरुग्राम, पिंजौर-कालका व फरीदाबाद समेत 13 शहरों में 40,126 एकड़ जमीन का विज्ञापन जारी किया गया है।

### जल

**140 करोड़ का सरचार्ज माफ किया जाएगा**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बजट भाषण के दौरान घोषणा की कि 500 वर्गगज तक के मकानों में हर महीने 10 किलोलीटर पानी फ्री मिलेगा। अभी इस पर 1 रुपए प्रति किलोलीटर शुल्क लिया जाता है। यह लाभ मीटर्ड वाले घरों को मिलेगा, यानी जिनके घर पानी के मीटर लगे हैं। 23 लाख घरों को 28 करोड़ रुपए प्रति वर्ष का फायदा होगा। पानी व सीवरेज पर बकाया 140 करोड़ रुपए का सरचार्ज माफ किया जाएगा। इससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

### परिवहन

**इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैक्स छूट बढ़ेगी**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अगर कोई महिला अपने नाम पर गाड़ी खरीदती है, तो उसे टैक्स में 1% की छूट मिलेगी, जिससे महिलाओं को गाड़ी खरीदने में मदद मिलेगी। इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने पर टैक्स में पहले से ही 20% की छूट मिल रही है, जिसे और बढ़ाया जाएगा, ताकि लोग इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने के लिए प्रोत्साहित हों और प्रदूषण कम हो। अगले साल 11,500 सरकारी और 15,000 प्राइवेट गाड़ियां स्क्रैप होंगी।

## बजट पर किसने क्या कहा

### प्रदेश का हर वर्ग सशक्त होगा



मुख्यमंत्री ने 2.23 लाख करोड़ से अधिक का जनहितकारी बजट पेश किया है जो हरियाणा में विकास की रफ्तार को नई ऊर्जा देगा। बजट आमजन, किसान और युवा, महिलाएं, छात्र व हर वर्ग के सशक्तिकरण का रोडमैप है। मुख्यमंत्री ने बजट में गरीब कल्याण से लेकर उद्योग प्रोत्साहन तक समावेशी विकास की मजबूत नींव पेश की है। बजट में ग्रामीण उन्नति और शहरी आधुनिकीकरण का संतुलित समन्वय है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बजट में रोजगार सृजन, कौशल विकास और स्टार्टअप प्रोत्साहन का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया है। यह डिजिटल, हरित और नवाचार आधारित भविष्य की तैयारी का बजट है।

*-मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा*

### जन-जन की अपेक्षाओं का बजट



प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट वास्तव में जन-जन की अपेक्षाओं को समर्पित बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला और मजदूर वर्ग के सशक्तिकरण का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है तथा प्रदेश को समृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। सीएम ने दूरदर्शी सोच, संतुलित वित्तीय प्रबंधन और विकासोन्मुख दृष्टिकोण के साथ यह ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया है। यह बजट प्रदेश के प्रत्येक वर्ग की भावनाओं, जरूरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। बजट युवाओं के लिए कौशल विकास, रोजगार सृजन और स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की योजनाएं प्रदेश को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी।

*-कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्त मंत्री*

### बजट नहीं, कोरी भाषणबाजी

ये बजट नहीं, बल्कि कोरी भाषणबाजी है, जिसमें कुछ भी हकीकत नहीं, सिर्फ लफ्फाजी है।



भाजपा ने हरियाणा को 5.56 लाख करोड़ के कर्जे तले दबा दिया है। क्योंकि 2026-27 के बजट के अनुसार आंतरिक ऋण 3,91,435 करोड़ रुपये है। छोटी बचतें अनुमानित 50,000 करोड़ रुपये हैं, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम 68,995 करोड़ (2025-26 के अनुसार), और अतिरिक्त देनदारियां (बिजली बिलों का बकाया व सब्सिडी) 46,193 करोड़ हैं। यानी कुल राज्य पर कुल ऋण लगभग 5,56,623 करोड़ रुपये पहुंच चुका है, जो भारी वित्तीय दबाव और अर्थव्यवस्था की खस्ता हालत को दिखाता है।

*- भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री*

**4,609.88**

करोड़ रुपये का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का बजट रखा

कृषि विभाग की सभी योजनाओं हेतु वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान की तुलना में आवंटित राशि को 4.40% से बढ़ाया गया है। बागवानी विभाग की आवंटित राशि को 0.86% से बढ़ाकर 1,176.91 करोड़, मत्स्य पालन विभाग की आवंटित राशि को 14.84% से बढ़ाकर 242.41 करोड़, सहकारिता क्षेत्र की आवंटित राशि को 70.36% से बढ़ाकर 1,970 करोड़ का प्रस्ताव है।

**बजट में इन सुविधाओं का प्रस्ताव**

## शहरी जल निकासी के लिए 150 करोड़ से फंड गठित

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी जल निकासी हेतु अर्बन ड्रेनेज फंड 100 करोड़ से बढ़ाकर 150 करोड़ किया गया है। अभी इसके तहत केवल पांच नगर निकायों द्वारा लगभग 20 करोड़ रुपये के अनुमान प्राप्त हुए हैं। विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए पार्कों में आवश्यक सुविधा 31 मार्च, 2027 तक पूर्ण कर ली जाएगी। ग्रामीण इलाकों में पेयजल सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए महाग्राम योजना के तहत 10 महाग्रामों गंगवा, फरल, फतेहपुर, सीसवाल, सिवान, ढांड, ददलाना, चुलकाना, धोज और जमालपुर में शहरी इलाकों की भांति 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से बढ़ाकर 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में नई 150 किलोमीटर लम्बी सीवर लाइन बिछाई जाएगी। उपचारित वेस्ट वाटर का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए एक महत्वाकांक्षी नीति बनाई गई है।

## श्रमिकों के लिए पांच नई ईएसआई डिस्पेंसरी खोलेंगे

मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी दुकानों एवं वाणिज्यिक संस्थानों का स्वतः पंजीकरण आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से किया जाएगा। केंद्र सरकार की 4 श्रम संहिताओं के लिए नियम बनाकर लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव हरसरू, कादीपुर, वजीराबाद, शाहबाद मारकण्डा व फतेहाबाद में पांच नई ईएसआई डिस्पेंसरी खोली जाएगी। वर्तमान में मानेसर में संचालित 100 बिस्तर वाले ईएसआईसी अस्पताल को 200 बिस्तर में अपग्रेड करके यहां एक नया मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किया जाएगा। यह विद्यालय कक्षा 6 से 12 तक संचालित किया जाएगा। श्रमिकों के लिए सुरक्षित श्रमिक स्वास्थ्य सिस्टम की व्यवस्था शुरू की जाएगी। सभी औद्योगिक श्रमिकों को प्रत्येक साल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था होगी। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को भी स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी।

## सिंचाई : 1500 किमी नहरों की लाइनिंग का पुनर्वास होगा

सिंचाई के लिए वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान 5,614.06 करोड़ को 14.83% से बढ़ाकर वर्ष 2026-27 में 6,446.57 करोड़ का प्रस्ताव है। वर्ष 1976 में प्रारंभ की गई दक्षिण हरियाणा के लिफ्ट कैनाल सिस्टम की मुख्य नहरों के लिए वर्ष 2014-15 में 451 पंप थे। इनमें से 444 पंपों का नवीनीकरण किया जा चुका है। बचे 7 पंपों जो 1991 से पहले के हैं, इन्हें नए पंपों से बदला जाएगा। वर्ष 2026-27 में 1500 किलोमीटर नहरों की लाइनिंग का पुनर्वास होगा। इसमें भाखड़ा मेन ब्रांच, सिरसा ब्रांच, एनबीके लिंक चैनल, भालोट सब ब्रांच तथा हाबरी सब ब्रांच सहित लगभग 70 अन्य नहरें शामिल हैं। हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण द्वारा 125 करोड़ नई जल संरचनाओं के लिए दिए जाएंगे। वहीं, पर ड्रॉप मोर क्रॉप प्रोग्राम के अंतर्गत ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियों को प्रोत्साहन देने के लिए वर्ष 2026-27 में 1.25 लाख एकड़ अतिरिक्त क्षेत्र को शामिल किया जाएगा। हर जिले में कम से कम 100 गांवों में 2 से 10 एकड़ पंचायती भूमि पर ग्राम पंचायत को अनुदान राशि तथा एचडब्ल्यूआरए के सहयोग से वॉटर बॉडीज बनाई जाएगी। जल के कुशल एवं समान वितरण के लिए स्काडा प्रणाली 20 अतिरिक्त स्थानों पर स्थापित होगी। वहीं, रियल टाइम डेटा एक्यूजिशन सिस्टम 400 स्थानों पर लगेगा।

## हरियाणा राज्य आपदा मोचन बल बनेगा, 1149 कर्मी होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आपदा तैयारी को नई मजबूती देने के लिए हरियाणा राज्य आपदा मोचन बल के गठन किया जाएगा। इसमें कुल 1,149 कर्मी शामिल होंगे जिनमें अग्निवीरों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला गुरुग्राम में 2 तथा फरीदाबाद, पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, पानीपत, रेवाड़ी, पलवल तथा नूंह में एक-एक नया फायर स्टेशन स्थापित किया जाएगा। वर्ष 2027-28 के अंत तक फरीदाबाद और पलवल को बाढ़ मुक्त करने के लिए एक तकनीक आधारित योजना लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपत्ति के लेन-देन में पारदर्शिता और कानूनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए एग्रीमेंट टू सेल का पंजीकरण अनिवार्य किया जाएगा।

## बजट में किसानों की आय बढ़ाने का संकल्प

# पशुपालन व खेती में डालेंगे जान

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के बजट की घोषणा में किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प को दोहराया है। इसमें पशुओं व खेतों को संभालने पर फोकस किया है। पिछले दिनों पशुओं में आई बीमारियों को देखते हुए हिसार में 30 करोड़ की लागत से हरियाणा पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान केंद्र बनेगा। प्रदेश में 7 नए पशु औषधालय और 4 नए राजकीय पशु चिकित्सालय खोले जाएंगे। दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने के लिए रेवाड़ी और अंबाला में 300–300 करोड़ की लागत से 5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले दो नए मिल्क प्लांट बनेंगे। वहीं, भिवानी, रोहतक व गुरुग्राम सहित अन्य जिलों में अतिरिक्त 1.40 लाख एकड़ लवणीय भूमि को खेती योग्य बनाया जाएगा।




**पशुपालन एवं डेयरी विभाग का बजट 23.31% बढ़ा, 2,290.57 करोड़ हुआ**

### मत्स्य पालन को बढ़ावा

*मत्स्य किसानों के लिए यमुनानगर, रोहतक एवं फरीदाबाद में कुल 9 करोड़ की लागत से नई मृदा एवं जल परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना होगी। हिसार एवं फरीदाबाद में 100 करोड़ से दो नवीन एवं आधुनिक मछली मंडियों की स्थापना होगी। करनाल में 50 करोड़ से नवीन मछली प्रसंस्करण इकाई बनेगी।*

### नलकूपों की जांच होगी

** 2.70 लाख ट्यूबवेलों के जल का परीक्षण इस वित्तिय वर्ष में किया जाएगा। तीन वर्ष में आठ लाख का होगा।*

** ग्रामीण उत्पादों की सीधी बिक्री हेतु 'ग्रामीण हाट मंडियां' स्थापित की जाएंगी। पहली ग्रामीण हाट मंडी का उद्घाटन किसान दिवस के मौके पर 23 दिसम्बर, 2026 को किया जाएगा।*

** रोहतक स्थित कॉपरेटिव मैनेजमेंट सेंटर को कॉपरेटिव कॉलेज के तौर पर विकसित करने के लिए इसके इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया जाएगा, ताकि इसे त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से जोड़ा जा सके।*

** 2 हजार नए वीटा बूथ एवं मिल्क बार खोलेंगे। वीटा बूथ आवंटन नीति में स्वयं सहायता समूहों को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।*

### 20 नए मोबाइल पशु चिकित्सालय बनेंगे

बजट में कहा गया कि अभी प्रदेश में 70 मोबाइल पशु चिकित्सालय हैं। प्रत्येक विधानसभा में एक के अनुसार 20 और खोले जाएंगे। पशुपालकों को प्रशिक्षण देने के लिए 5 करोड़ की लागत से हिसार में एक बहुउद्देशीय पशुपालन प्रशिक्षण केंद्र स्थापित होगा। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के लिए 8 नई खाद्य प्रयोगशालाएं हिसार, नारनौल, सिरसा, जींद, यमुनानगर, रोहतक, फरीदाबाद व गुरुग्राम में स्थापित की जाएंगी। दो लैब इसी वर्ष 24 करोड़ से बनेगी। इसी प्रकार करनाल एग्रो मॉल में 8 करोड़ से एनएबीएल सर्टिफाइड दुग्ध एवं खाद्य पदार्थ परीक्षण लैब स्थापित करने का प्रस्ताव है।

### प्राकृतिक खेती करने वालों को भूमि पट्टे पर मिलेगी

प्राकृतिक व जैविक खेती प्रमाणन पर अगले पांच वर्षों तक 10 हजार प्रति एकड़ प्रति वर्ष अनुदान मिलेगा। कृषि विभाग के स्वामित्व वाली लगभग 800 एकड़ भूमि केवल उन्हीं किसानों को पट्टे पर दी जाएगी जो कम से कम अगले 10 वर्ष तक उसमें प्राकृतिक या जैविक खेती करेंगे। पंचायत के स्वामित्व वाली भूमियों पर भी प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए अगले वर्ष में एक नीति बनाई जाएगी। किसानों को जैविक खेती प्रमाणीकरण के लिए 'हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण एजेंसी' को एक प्रमाणीकरण संस्था बनाया जाएगा। पंचकूला, यमुनानगर, करनाल, सोनीपत, रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, चरखी दादरी व नारनौल में प्राकृतिक किसानों को उपज बेचने के लिए मंडियों में जगह उपलब्ध करवाई जाएगी। जैविक खाद पर 80% सब्सिडी तथा बिक्री लाइसेंस में छूट मिलेगी।

## सस्ती दवा के लिए सभी जिला अस्पतालों में अमृत स्टोर खोलेंगे




**चंडीगढ़।** बजट में स्वास्थ्य विभाग के लिए 14,007.29 करोड़ का प्रस्ताव रखा है। स्वास्थ्य सेवाओं पर बजट वर्ष 2025-26 के आवंटन से 32.89% अधिक है। प्रदेश के लोगों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता के लिए सभी 23 जिला अस्पतालों में अमृत फार्मेसी स्टोर खोले जाएंगे। एनसीआर जिलों के गांवों में खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 28 नई खाद्य परीक्षण वैन खरीदी जाएंगी। साथ ही, दवा नमूनों की जांच के लिए पंचकूला और करनाल में दो नई औषधि परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएगी। सभी जिलों में सीटी स्कैन, एमआरआई व डिजिटल एक्सरे मशीनें 30 जून, 2026 तक उपलब्ध करवा दी जाएगी। प्रदेश में 100 नये स्वास्थ्य उप केन्द्र और आयुषमान आरोग्य मंदिर की स्थापना की जाएगी। अस्पतालों में अग्निशमन प्रणालियों को सुदृढ़ करने हेतु 100 करोड़ के आवंटन से एक नई पहल शुरू की जाएगी।

**14,007.29**

करोड़ स्वास्थ्य का बजट, 32.89 प्रतिशत अधिक

### कई अस्पतालों में बेड बढ़ेंगे

**वर्ष 2026-27** में जिला अस्पताल फरीदाबाद को 200 से 400 बिस्तरीय तथा जिला अस्पताल सोनीपत व रेवाड़ी को 200 से 300 बिस्तरीय अस्पताल में अपग्रेड किया जाएगा। जिला अस्पताल गुरुग्राम के 400 बिस्तरीय, रेवाड़ी व हिसार के 300 बिस्तरीय, चरखी दादरी, हांसी, झज्जर व मांडी खेड़ा के जिला अस्पतालों में अतिरिक्त 100 बिस्तरीय भवनों के निर्माण को भी वर्ष 2026-27 में शुरू किया जाएगा। एसडीएच नरवाना, नूंह के 100 बिस्तरीय तथा एसडीएच बरवाला और लोहारू के 50 बिस्तरीय भवन के निर्माण को शुरू किया जाएगा।

**प्रदेश** में 100 नए स्वास्थ्य उप केन्द्र और आयुषमान आरोग्य मंदिर की स्थापना की जाएगी। अस्पतालों में अग्निशमन प्रणालियों को सुदृढ़ करने हेतु 100 करोड़ के आवंटन से एक नई पहल शुरू की जाएगी।

**18 स्थानों** महर्षि च्यवन चिकित्सा महाविद्यालय, कोरियावास, श्री अटल बिहारी चिकित्सा महाविद्यालय छांयसा, जिला अस्पताल हांसी, उपमंडल अस्पताल नारायणगढ़, लाडवा, सिवानी, टोहाना, बल्लभगढ़, पटौदी, असंध , गोहाना, गुहला, नरवाना, महम, डबवाली, कोसली, महेन्द्रगढ़ व कनीना में नए डायलिसिस केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

**70 नई** एडवांस लाइफ स्पोर्ट एंबुलेंस और 167 नई बेसिक लाइफ स्पोर्ट एंबुलेंस खरीदी जाएगी।

**प्रत्येक** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक परामर्शदाता की नियुक्ति की जाएगी।

**यमुनानगर**, कुरुक्षेत्र, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़ और करनाल में 25 नए आयुष औषधालय खोले जाएंगे।

## पानी व सीवर के बिलों पर 140 करोड़ का सरचार्ज होगा माफ




**चंडीगढ़।** पंचायती राज के प्रावधान की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों में भी नगर निकायों की भूमि पर अतिक्रमित रिहायशी कब्जाधारियों को कानूनी मालिकाना हक प्रदान करने के लिए नई नीति लाई जाएगी। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय विभाग का वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान 5,073.37 करोड़ रुपये को 23.01 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2026-27 में 6,240.97 करोड़ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में 41 लाख 70 हजार 749 सम्पत्तिधारकों द्वारा सम्पत्ति कर तथा उस पर 31 मार्च, 2025 तक बकाया ब्याज राशि के बकाया ब्याज पर शत प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। पानी व सीवर के बिलों पर 140 करोड़ का सरचार्ज बकाया है। वर्ष 2026-27 में इस सारे सरचार्ज को माफ करने की घोषणा की है। पौधारोपण हेतु 100 करोड़ रुपये का अर्बन ग्रीन फण्ड गठित होगा।

**6,240.97**

करोड़ शहरी निकाय का बजट, 23.01 प्रतिशत अधिक

### पार्षद आपातकालीन फंड गठित होगा

हिसार, यमुनानगर, रोहतक, पानीपत और अम्बाला में इंटीग्रेटिड कमांड एंड कन्ट्रोल सेंटर स्थापित किया जाएगा। राज्य के सभी 87 नगर निकायों में 145 स्वर्ग रोहिणी वाहन उपलब्ध करवाए जाएंगे। फरीदाबाद, गुरूग्राम, मानेसर तथा जीन्द-हिसार-फतेहाबाद कलस्टर एवं अम्बाला-पंचकुला-यमुनानगर क्लस्टर में 25 मेगावाट क्षमता के कुल मिलाकर 5 वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित किए जाएंगे। आवश्यक कार्यों को तुरंत करवाने हेतु पार्षद आपातकालीन फंड स्थापित किया जाएगा। नगर निगम, नगर परिषद तथा नगर पालिका के पार्षदों को प्रति वर्ष क्रमशः छह लाख, तीन लाख तथा एक लाख पचास हजार रुपये की राशि की शक्तियां दी जाएगी। हिसार, गुरुग्राम, फरीदाबाद तथा पलवल में एक-एक मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाएगी।

## उद्योगों को लीज पर देंगे प्लॉट

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि एचएसआईआईडीसी वर्ष 2026-27 में औद्योगिक प्लॉट्स के लिए 'लैंड ऑन लीज' नीति लागू करेगी, जिसके तहत ये प्लॉट दीर्घकालीन लीज पर उपलब्ध कराए जाएंगे और आवश्यकता होने पर इन्हें फ्री-होल्ड में परिवर्तित करने की सुविधा भी दी जाएगी। वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान की तुलना में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की आवंटित राशि को 1,327.76 करोड़ को 46.93% से बढ़ाकर वर्ष 2026-27 में 1,950.92 करोड़ तथा श्रम विभाग की आवंटित राशि को 89.65 करोड़ को 2.39% से बढ़ाकर 91.80 करोड़ करने का प्रस्ताव किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष के बजट प्रस्ताव के अनुसार एवं संकल्प पत्र में घोषित 10 नए आईएमटी में से 2 आईएमटी अम्बाला और नारायणगढ़ के लिए भूमि क्रय की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। तोशाम, जींद, रेवाड़ी, फरीदाबाद एव राई में आईएमटी विकसित करने के लिए ई-भूमि पोर्टल पर किसानों से प्रस्ताव मांग लिए गए हैं।




**1,950.92**

करोड़ उद्योग एवं वाणिज्य का बजट, 46.93% अधिक

**पिछले बजट** में 12 औद्योगिक नीतियों के नए प्रारूप बनाने की घोषणा की थी। इनके नए प्रारूप तैयार कर लिए गए हैं। साथ ही, एक नई सैमी कंडक्टर नीति, फार्मासुटिकल और मेडिकल डिवाइस नीति और टॉयज एवं स्पोर्टस इंक्पयूमेंट नीति के तथा एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी नीति के प्रारूप भी तैयार कर लिए गए हैं। इन सभी को वर्ष 2026-27 में लागू किया जाएगा। निवेशकों को विभिन्न विभागों के चक्कर न लगाने पड़े, इसके लिए फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर एवं रेवाड़ी में सभी संबंधित विभागों के कॉमन इंडस्ट्रियल सेक्रेट्रिएट बनाने का भी प्रस्ताव है।

### छोटे व्यापारियों को मिलेगा बीमा

एमएसएमई इकाइयों की दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए स्मॉल ट्रेडर्स एंड एमएसएमई इंश्योरेंस स्कीम शुरू की जाएगी। यह योजना आग, चोरी तथा प्राकृतिक आपदाओं जैसे जोखिमों के विरुद्ध किफायती बीमा कवरेज प्रदान करेगी। नीति आयोग के महिला उद्यमिता मंच का हरियाणा चैप्टर शीघ्र शुरू करने का भी प्रस्ताव है। कामकाजी महिलाओं के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में 10 आधुनिक मातृ-शक्ति औद्योगिक क्रेच नेटवर्क शुरू किए जाएंगे।

### प्रदेश में बनेगी तीन वेडिंग सिटी

गुरुग्राम एवं खरखौदा में एचएसआईआईडीसी द्वारा तथा पिंजौर में पर्यटन विभाग द्वारा एक-एक वेडिंग सिटी स्थापित किया जाएगा। ये सगाई से विदाई तक के कॉन्सेप्ट पर कार्य करेंगी। प्रदेश से निर्यात को बढ़ावा दिया जाएगा। आईएमटी में आने जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण होगा। पानीपत में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नोलॉजी के लिए एचएसआईआईडीसी द्वारा 10 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। राई में देश का सबसे बड़ा होलसेल मार्केट कॉम्प्लेक्स तथा उत्तर भारत का सबसे बड़ा मार्बल मार्केट क्लस्टर विकसित किया जाएगा।

**3,542.79**


करोड़ रुपये यातायात सुविधाओं के लिए बजट में प्रावधान किया। वर्ष 2025-26 के अनुमान 3,347.79 करोड़ रुपये को 5.82 प्रतिशत बढ़ाया गया।

## सभी जिलों में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें, पिंजौर में बनेगा आधुनिक हेलीपोर्ट

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री ने कहा कि चंडीगढ़-दिल्ली एयरपोर्ट-गुरुग्राम तथा चंडीगढ़ से प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे कटरा, सालासर, खाटूश्याम, हरिद्वार और अमृतसर के लिए हरियाणा रोडवेज द्वारा 50 नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। वर्तमान में 12 शहरों में संचालित इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा को शेष जिला मुख्यालयों तक विस्तारित किया जाएगा। पंजीकृत वाहन स्क्रैप नीति के अंतर्गत जनवरी से दिसंबर 2025 तक 11,351 सरकारी और 14,487 निजी वाहनों को स्क्रैप किया गया है। आगामी वर्ष 11,500 सरकारी तथा 15,000 निजी वाहनों को स्क्रैप करने का लक्ष्य रखा गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए दोपहिया, चारपहिया एवं ई-रिक्शा पर वर्तमान 20 प्रतिशत मोटर वाहन कर छूट को और बढ़ाने का प्रस्ताव है। दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन को नरेला से कुंडली तक विस्तारित करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। नमो भारत आरआरटीएस के अंतर्गत दिल्ली-बावल और दिल्ली-करनाल के दो कॉरिडोर स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नूंह, फरीदाबाद, अंबाला और गुरुग्राम में 140 करोड़ रुपये की लागत से चालक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान पूर्ण किए जाएंगे। प्रत्येक जिले में एक स्वचालित परीक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा तथा रोहतक स्थित परीक्षण एवं प्रमाणन केंद्र को अपग्रेड किया जाएगा। सीएम ने कहा कि हिसार एयरपोर्ट से जम्मू और अहमदाबाद के लिए भी हवाई सेवाएं शुरू की जाएंगी। हिसार एयर कार्गो टर्मिनल का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि पिंजोर में एक आधुनिक हेलीपोर्ट का निर्माण किया जाएगा तथा करनाल में 600 एकड़ भूमि पर नए ग्रीन-फील्ड हवाई अड्डे के लिए वर्ष 2026-27 में आवश्यक औपचारिक स्वीकृतियां प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। नागरिक उड्डयन विभाग के लिए वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान 306.75 करोड़ रुपये को 86.91 प्रतिशत बढ़ाकर वर्ष 2026-27 में 573.34 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया है।

**एक्सपर्ट कमेंट**

## कृषि भूमि की सेहत सुधारने पर ध्यान प्राकृतिक खेती को मिलेगा बढ़ावा



प्रो. बी.आर. काम्बोज
कुलपति, हकृवि, हिसार

यह बजट प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने व उत्पाद बेचने, कृषि लागत कम करने तथा आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बजट में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से 2 हजार एकड़ के एक क्लस्टर में आधुनिकतम तकनीकों द्वारा स्मार्ट एग्रीकल्चर नाम से एक नई योजना के तहत प्राकृतिक खेती शुरू करने का प्रस्ताव है। इसमें यदि किसानों को किसी प्रकार का भी नुकसान होगा तो उसकी पाई पाई की भरपाई हरियाणा सरकार द्वारा की जाएगी। लवणीय भूमि को पुनर्जीवित किए जाने के लिए 1 लाख 40 हजार एकड़ भूमि को खेती लायक किया जाएगा। प्राकृतिक व जैविक किसानों को कृषि उपज बेचने के लिए मंडियों में जगह उपलब्ध करवाई जाएगी। गन्ना प्रौद्योगिकी मिशन के अंतर्गत किसानों को 3 हजार प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 5 हजार प्रति एकड़ किया जाएगा। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत जिला हिसार एवं फरीदाबाद में कुल 100 करोड़ रुपये की लागत से दो नवीन एवं आधुनिक मछली मंडियों की स्थापना की जाएगी। किन्नू उत्पादक किसानों के लिए सिरसा में एक जूस प्रसंस्करण संयंत्र इस वर्ष उत्पादन शुरू करेगा। खाद्य पदार्थों की उत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 8 नई व्यापक एकीकृत खाद्य प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएगी।

## औद्योगिक क्षेत्र का 500 करोड़ से होगा विकास, निर्यातकों के लिए खास सुविधा

हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने औद्योगिक विकास के लिए बजट में सशक्त कदम उठाए हैं। एचएसआईआईडीसी जहां लीज पर उद्यमियों को प्लाट देगी, वहीं प्रदेश सरकार पानीपत में टेक्सटाइल एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए रिवर्स बॉयर सेलर मीट का आयोजन करवाएगी। मीट में विश्व स्तरीय कंपनियों को बुलाया जाएगा। इससे एक्सपोर्टर्स विश्व स्तरीय कंपनियों से सीधे संवाद कर अपने कारोबार को बढ़ा सकेंगे। प्लग एंड प्ले योजना के तहत औद्योगिक क्षेत्र का विकास करवाया जाएगा। आईएमटी बनाने की प्रक्रिया में भी तेजी आने की संभावना है, जिससे उद्योग व रोजगार बढ़ेगा। वर्षों पहले बने औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए 500 करोड़ का बजट रखना एक राहत देने वाला कदम है। पानीपत में इंडियन इंडस्टीट्यूट फॉर हैंडलूम टेक्नोलॉजी पार्क का निर्माण दस एकड़ भूमि में होगा। इससे भी उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने का भी बजट में प्रावधान किया गया है। बजट में एमएसएमई इकाइयों की दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए स्मॉल ट्रेडर्स एंड एमएसएमई इंश्योरेंस स्कीम शुरू करने की घोषणा की गई है। इससे छोटे व्यापारियों को बड़ा लाभ होगा। उन्हें आगजनी आदि आपदा में बीमा कवर किफायती दर पर मिल जाएगा।



विनोद धमीजा,
अध्यक्ष, हरियाणा चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पानीपत

**खबर संक्षेप**

### चालान की एपीके फाइल भेज, लगाई लाखों की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में जालसाजों ने व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर युवक को 2.34 लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बिहार के मधुबनी निवासी धीरज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-37 में किराये पर रहता है। व्हाट्सएप पर आरटीओ ई-चालान की एपीके फाइल भेजी। क्लिक करते ही पांच किस्तों में कुल 2,34,005 रुपये डेबिट हो गए।

**हरियाणा बोर्ड सीनियर सेकेंडरी परीक्षा**

# 12वीं फिजिक्स-इकोनॉमिक्स के पेपर में 28 नकलची पकड़े, 1 केंद्र अधीक्षक, 2 पर्यवेक्षक, 2 लिपिक को हटाया, एफआईआर दर्ज

*1162 परीक्षा केंद्रों पर संचालित12वीं -डीएलएड की परीक्षा में 88,410 परीक्षार्थी शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (बीएसईएच ) द्वारा 2 मार्च सोमवार को आयोजित करवाई गई 12वीं कक्षा की भौतिक विज्ञान और अर्थशास्त्र विषय एवं डीएलएड (रि-अपीयर) की परीक्षा हुई। कुछ परीक्षा केंद्रों पर नकल के कुल 28 मामले दर्ज किए गए। साथ ही परीक्षा ड्यूटी में कौताही बरतने के कारण 1 केंद्र अधीक्षक, 2 पर्यवेक्षकों और 2 लिपिकों को काम से हटा दिया गया।

प्रदेशभर में 1162 परीक्षा केंद्रों पर संचालित हुई 12वीं और डीएलएड की परीक्षा में 88 हजार 410 परीक्षार्थी शामिल हुए। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि अध्यक्ष के उनके उड़नदस्ते द्वारा झज्जर के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया, जहां परीक्षा केन्द्र राकवमावि, बहु झोलरी-02 पर अनुचित साधन प्रयोग का 1 केस दर्ज किया। बोर्ड उपाध्यक्ष ने स्वयं जिला अंबाला व पंचकूला तथा उनके उड़नदस्ते द्वारा जिला फरीदाबाद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया, जहां परीक्षा नकल रहित सुव्यवस्थित संचालित हो रही थी। प्रवक्ता ने बताया कि बोर्ड सचिव के उड़नदस्ते द्वारा जिला फरीदाबाद व पलवल के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जहां फरीदाबाद व पलवल जिले में अनुचित साधन प्रयोग का 01-01 केस पकड़ा। शेष परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शान्तिपूर्वक ढंग से संचालित हो रही थी।

### ड्यूटी में कोताही बर्दाश्त नहीं

नकल पर अकुंश लगाने के लिए बोर्ड द्वारा प्रदेशभर में गठित किए गए अन्य उड़नदस्तों द्वारा प्रदेशभर में नकल के 28 मामले दर्ज किए गए। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा ड्यूटी में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उड़नदस्ता ने भिवानी के परीक्षा केन्द्र रावमावि,देवराला-2 पर नियुक्त पर्यवेक्षक बंसत कुमार, टीजीटी-कला अध्यापक, राकवमावि, कैरू एवं सुन्दर सिंह, लिपिक, रावमावि,देवराला एवं नियन्त्रण कक्ष भिवानी से संचालित आर.ए.एफ-7 द्वारा परीक्षा केन्द्र रावमावि, टपकान-01 (नूंह) केन्द्र पर नियुक्त पर्यवेक्षक उमेद शर्मा, पीजीटी, हिन्दु वमावि, नूंह को ड्यूटी में कौताही बरतने के कारण कार्यभार मुक्त किया गया। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि नकल रहित परीक्षा कराई जा रही है।

### यूएमसी रिपोर्ट लिंक पर करें अपडेट

बोर्ड अधिकारियों ने सभी केंद्र अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि इन परीक्षाओं के लिए सभी केंद्र अधीक्षकों को शिक्षा बोर्ड द्वारा तैयार किया गया लिंक उपलब्ध करवाया गया है। जिसमें सभी केंद्र अधीक्षक उनके केंद्र की प्रतिदिन की अनुपस्थिति और यूएमसी रिपोर्ट ऑनलाइन लिंक के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों, उनके माता-पिता और अन्य नाते-रिश्तेदार को यह नहीं भूलना चाहिए कि आज प्रतियोगिता का युग है और ऐसे वक्त में समाज में अपना स्थान बनाने के लिए योग्यता का होना परमावश्यक है। इसमें नकल काम नहीं करेगी, अकल ही असल मायने में लाभकारी रहेगी। वे अपने बच्चों को सदमार्ग पर चलना सिखाएं।

**वारदात:** नूंह में तहसील परिसर से उठाया, दहशत में लोग

# फिल्मी स्टाइल में पिता का अपहरण 20-25 युवकों ने स्कॉर्पियो में धकेला

*बुजुर्ग ने विरोध किया तो गाड़ी के अंदर ही उन्हें जमकर पीटा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह



नूंह जिले में बेटे ने पिता का अपहरण करा दिया। 2 स्कॉर्पियों में सवार होकर करीब 20-25 युवक तहसील रोड पर पहुंचे। जहां रोड किनारे खड़े बुजुर्ग को धकेलकर गाड़ी के अंदर डाल लिया। कुछ युवक गाड़ी को घेरकर चारों तरफ खड़े हो गए। आसपास खड़े लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही आरोपी बुजुर्ग को उठाकर फरार हो गए। रास्ते में बुजुर्ग ने इसका विरोध किया तो गाड़ी के अंदर ही उन्हें जमकर पीटा। बड़े बेटे का कहना है कि वे जमीन के किसी काम से तहसील आए थे। इसी दौरान छोटे भाई ने पिता को किडनैप करा दिया। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

### तहसील में हड़कंप

नूंह के शाह चोखा गांव के रहने वाले इस्माइल पुनहाना तहसील में आए थे। बड़े बेटे नवाब का कहना है कि वे भी पिता के साथ जमीन से जुड़े किसी काम के सिलसिले में तहसील आए थे। तहसील का काम खत्म करने के बाद पिता तहसील के बाहर बिसरू रोड पर खड़े थे। अचानक छोटे भाई के लोग वहां आए और पिता को किडनैप कर लिया।

### बेटा गिरफ्तार

नवाब ने बताया कि रास्ते में पिता ने इसका विरोध किया तो आरोपी गाड़ी में ही उनके साथ मारपीट करने लगे। कुछ देर तक मारपीट करने के बाद आरोपी उन्हें खुद ही तहसील के सामने छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बेटे जलालुद्दीन उर्फ कालिया को गिरफ्तार कर लिया है।

### ससुराल वाले भी साथ मिले

नवाब ने कहा कि जलालुद्दी ने अपने ससुराल वालों के साथ मिलकर पिता की किडनैपिंग कराई। आरोपी 2 गाड़ियों में आए थे। जलालुद्दीन के ससुराल वालों ने भी पिता के साथ मारपीट की।

### घर से बेदखली का आरोप

छोटे बेटे जलालुद्दीन का कहना है कि बड़े भाई के साथ मिलकर पिता जमीन के कागजों के लेकर तहसील गए थे। उसे डर था कि पिता और बड़ा भाई साजिश रचकर उसे जमीन से बेदखली कर रहे हैं। पहले भी घर में ऐसी बात हो चुकी है।

### अन्य आरोपियों की तलाश में दी जा रही दबिश

शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। किडनैपिंग के आरोपी जलालुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जमीनी विवाद की भी जांच की जा रही है। **-राजेश कुमार, थाना प्रभारी, पुनहाना शहर**

# नारनौल में दिखा तेंदुआ, रेस्क्यू किया जाएगा



**नारनौल।** जिले के नारनौल क्षेत्र के गांव ढाणी किरारोद अफगान में रविवार शाम तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार शाम करीब साढ़े छह बजे गांव के पास स्थित पहाड़ी की चोटी पर एक तेंदुआ घूमता हुआ नजर आया। वन विभाग रेस्क्यू करेगा। पहाड़ी के आसपास कई मकान बने हुए हैं, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि जब बच्चे अपने घरों की छत पर खेल रहे थे, तभी उनकी नजर पहाड़ी पर चलते तेंदुए पर पड़ी। बच्चों ने तुरंत मोबाइल से लगभग दस सेकेंड की वीडियो बना ली, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। वीडियो में तेंदुआ मोर का शिकार करते हुए दिखाई दे रहा है। उपायुक्त ने संबंधित सभी विभागों को सतर्क रहने और आवश्यक कार्रवाई करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

## सीएम नायब सैनी ने खेली फूलों की होली



**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को फूलों की होली खेलकर लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली रंगों के साथ-साथ खुशियों का भी त्योहार है। फूलों की होली ने पूरे माहौल को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया।

### शिक्षा मंत्री ढांडा ने विज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के अम्बाला छावनी स्थित आवास पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, प्रदेश के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा, कोसली विधायक अनिल यादव, जम्मू-कश्मीर के नगरोटा से विधायक देवयानी राणा, पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल के अलावा विभिन्न संगठनों तथा बड़ी संख्या में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके प्रशंसकों ने हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना की।

## भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी करार दो को चार-चार साल की कैद

**जींद ।** अदालत ने सोमवार को भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में नगर परिषद जींद के क्लर्क तथा बिजली निगम के सीए को दोषी कराद देते हुए चार-चार वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोनों को 25-25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार नगर परिषद जींद में प्रोपर्टी आईडी बनाने की एवज में क्लर्क गांव फतेहगढ़ निवासी नरेश कुमार ने हांसी के मंडी सैनियान निवासी अजय से 10 हजार रुपये की मांग की थी। अजय ने पांच हजार रुपये नरेश को पहले दे दिए थे और पांच हजार रुपये और मांग रहा था। अजय ने इसकी शिकायत एंटी क्रप्शन ब्यूरो को दी थी। ब्यूरो की टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में नरेश कुमार को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते डीसी कार्यालय के सामने पार्क में रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। ब्यूरो की टीम ने नरेश कुमार के खिलाफ 10 जून 2022 को मामला दर्ज किया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। सोमवार को नरेश कुमार को अदालत ने दोषी करार देते हुए चार वर्ष कैद की सजा व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

## एचसीएस अधिकारियों को वार्षिक प्रॉपर्टी रिटर्न भरने के निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने एचसीएस (कार्यकारी शाखा) अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपनी चल एवं अचल संपत्तियों की वार्षिक प्रॉपर्टी रिटर्न अनिवार्य रूप से ऑनलाइन दाखिल करने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है। जारी निर्देशों के अनुसार सभी एचसीएस (कार्यकारी शाखा) अधिकारियों को 31 मार्च, 2026 तक अपने स्वामित्व वाली मौजूदा चल एवं अचल संपत्तियों का विवरण 30 अप्रैल, 2026 तक पोर्टल पर ऑनलाइन भरना होगा। वार्षिक प्रॉपर्टी रिटर्न भरने के लिए पोर्टल 1 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2026 तक खुला रहेगा। 30 अप्रैल के बाद पोर्टल स्वतः बंद हो जाएगा और इसके पश्चात रिटर्न भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।









## खबर संक्षेप

### होंडा मोटरसाइकिल की बिक्री में 34% की वृद्धि

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की फरवरी, 2026 में कुल बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 5,67,351 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने की तुलना में काफी अधिक है।कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। फरवरी की कुल बिक्री में घरेलू बाजार में बेची गई 5,13,190 इकाइयां और 54,161 इकाइयों का निर्यात शामिल है।

### बजाज ऑटो की बिक्री फरवरी में 27% बढ़ी




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड की कुल वाहन बिक्री फरवरी में 27 प्रतिशत बढ़कर 4,48,259 इकाई हो गई। पिछले साल इस महीने में यह आंकड़ा 3,52,071 इकाई रहा था। पिछले महीने उसकी कुल घरेलू बिक्री 2,32,581 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि के 1,83,415 इकाई के आंकड़े की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है।

### रुपया 42 पैसे गिरकर 91.50 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के कारण वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा प्रबल होने से सोमवार को रुपया 42 पैसे की भारी गिरावट के साथ 91.50 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इन सैन्य हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है और अमेरिकी मुद्रा की मांग में तीव्र वृद्धि हुई है।

## होर्मुज से आवाजाही बहाल न होने पर 100 डॉलर प्रति बैरल हो सकते हैं दाम

# कच्चा तेल करीब 10 प्रतिशत उछला



### पश्चिम एशिया में संकट गहराया...

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के समन्वित हमलों के बाद पश्चिम एशिया में जंग के हालात से सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की आशंका से कारोबारियों में बेचैनी देखी गई। होर्मुज जलडमरूमध्य से टैंकर यातायात जल्द बहाल नहीं होने की स्थिति में कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर जा सकती हैं।

कारोबारी इस आशंका पर दांव लगा रहे हैं कि ईरान और पश्चिम एशिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति धीमी पड़ सकती है या ठप हो सकती है। क्षेत्र में हमलों, खासकर फारस की खाड़ी के संकरे प्रवेश मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे दो जहाजों पर हमले के कारण निर्यात क्षमता प्रभावित हुई है।

### सात-आठ देशों को होता है इस मार्ग से निर्यात

यह तेल मार्ग विश्व का सबसे अहम 'चोकपॉइंट' (संकरा रणनीतिक मार्ग) माना जाता है। होर्मुज जलडमरुमध्य के उत्तर में ईरान स्थित है, जबकि इस रास्ते से सऊदी अरब, कुवैत, इराक, कतर, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ईरान का तेल एवं गैस निर्यात होता है।

- वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया
- आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की आशंका से कारोबारियों में बेचैनी देखी गई
- लंबे संघर्ष से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आगे और बढ़ोतरी हो सकती है

### ईरान का अधिकांश तेल निर्यात चीन को

ईरान प्रतिदिन लगभग 16 लाख बैरल तेल का निर्यात करता है, जिसका अधिकांश हिस्सा चीन को जाता है। यदि ईरान का यह निर्यात बाधित होता है तो चीन को वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत तलाशने पड़ सकते हैं, जिससे वैश्विक ऊर्जा कीमतों पर और दबाव बढ़ सकता है।

### ओपेक उत्पादन बढ़ाने जा रहा

पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने कहा कि वह अप्रैल में प्रतिदिन 2,06,000 बैरल उत्पादन बढ़ाने जा रहा है। उत्पादन बढ़ाने वाले देशों में सऊदी अरब, रूस, इराक, यूएई, कुवैत, कजाखस्तान, अल्जीरिया और ओमान शामिल हैं।

### आपूर्ति का पांचवां हिस्सा होर्मुज से गुजरता है

*रिस्टैड एनर्जी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉर्ज लियोन ने कहा, /"वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। ऐसे में बाजार इस बात को लेकर अधिक चिंतित है कि कच्चे तेल की खेप वास्तव में यहां से जा पाएगी या नहीं। यदि खाड़ी क्षेत्र में आवाजाही बाधित होती है तो अतिरिक्त उत्पादन से तत्काल राहत सीमित रहेगी।/"*

### 73 डॉलर पर कारोबार कर रहा

*ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में हमले लंबे समय तक जारी रहे तो कच्चे तेल और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आगे और बढ़ोतरी हो सकती है। सीएमई ग्रुप के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में उत्पादित वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चा तेल सोमवार सुबह करीब नौ प्रतिशत चढ़कर 73 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।*

### कच्चा तेल 80 डॉलर के करीब पहुंच गया

*शुक्रवार को यह लगभग 67 डॉलर पर था। फैक्टसेट के आंकड़ों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 10 प्रतिशत चढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 72.87 डॉलर प्रति बैरल पर रहा था। ऊर्जा विश्लेषण कंपनी रिस्टैड एनर्जी ने कहा कि प्रतिदिन लगभग 1.5 करोड़ बैरल यानी वैश्विक आपूर्ति का करीब 20 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज जलडमरुमध्य से होकर गुजरता है।*

# विमानन व हॉस्पिटेलिटी के शेयरों में बड़ी गिरावट 1048 अंक गिरा सेंसेक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- कच्चे तेल की कीमतों में उछाल का पड़ा असर

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हवाई क्षेत्र बंद होने से विमानन एवं यात्रा कारोबार से जुड़ी कंपनियों के शेयर सोमवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विमान ईंधन एटीएफ के महंगा होने की आशंका से निवेशकों ने इन शेयरों में मुनाफावसूली की।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो का परिचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन का शेयर बीएसई पर कारोबार में 7.50 प्रतिशत तक लुढ़कने के बाद 6.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। स्पाइसजेट एयरलाइन के शेयर में भी 9.20 प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह 5.72 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों में यात्रा ऑनलाइन 9.59 प्रतिशत टूट गया, ईजी ट्रिप प्लानर्स में 7.08 प्रतिशत, टीबीओ टेक में 4.04 प्रतिशत, थॉमस कुक इंडिया में 3.57 प्रतिशत और ली ट्रेवेन्यूज टेक्नोलॉजी के शेयर में 2.08 प्रतिशत की गिरावट रही। बाजार में व्यापक बिकवाली के बीच बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2,743.46 अंक यानी 3.37 प्रतिशत टूटकर 78,543.73 अंक पर आ गया था। हालांकि, निचले स्तर पर खरीदारी आने से अंत में यह 1,048.34 अंक यानी 1.29 प्रतिशत के नुकसान के साथ 80,238.85 अंक पर बंद हुआ। खासकर खाड़ी देशों के प्रमुख विमानन केंद्रों के जरिये भारत-यूरोप मार्ग पर उड़ानों में व्यवधान की स्थिति बनी है। भारतीय टूर ऑपरेटर संघ (आईएटीओ) ने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के कारण हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगने से बुकिंग रद्द होने और यात्रा कार्यक्रम में बदलाव के अनुरोधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## वनतारा का एक साल : उपचार, पुनर्वास और वन्यजीव संरक्षण में गढ़ी नई मिसाल



**जामनगर।** गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा ने एक वर्ष का सफर पूरा करते हुए वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के बाद बीते एक वर्ष में वनतारा, घायल और संकटग्रस्त वन्यजीवों के बचाव, अत्याधुनिक उपचार और विज्ञान आधारित संरक्षण के एक समग्र मॉडल के रूप में उभरा है। उद्योगपति अनंत अंबानी की परिकल्पना से शुरू हुई इस पहल ने पहले ही वर्ष में हजारों वन्यजीवों को नया जीवन देने का प्रयास किया है। शेर, चीते जैसी बड़ी बिल्लियों, सरीसृपों, प्राइमेट्स, पक्षियों और अन्य स्तनधारियों सहित विभिन्न प्रजातियों के जानवरों को बचाकर उनका उपचार किया गया, जबकि कई स्वस्थ होने के बाद दोबारा प्राकृतिक आवासों जैसे जंगलों में लौटाए गए। संरक्षण के प्रति उनके प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली और उन्हें ग्लोबल ह्यूमेन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वनतारा को ग्लोबल ह्यूमेन कंज़र्वेशन सर्टिफ़िकेशन, और प्राणि मित्र अवॉर्ड 2025 जैसे पुरस्कारों से नवाजा गया है। वनतारा ने विशेष रूप से उन जानवरों की देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया, जिन्हें शोषण या कठिन परिस्थितियों से मुक्त कराया गया था। लकड़ी ढुलाई, सर्कस और सवारी जैसी गतिविधियों से बचाए गए 250 से अधिक हाथियों को यहां दीर्घकालिक चिकित्सा और पुनर्वास सुविधा मिल रही है। इसके साथ ही हजारों मगरमच्छों और अन्य वन्यजीवों के लिए वैज्ञानिक निगरानी और पोषण आधारित देखभाल व्यवस्था विकसित की गई है।

### मिड ईस्ट मार्ग की हवाई टिकट रद्द करा रहे यात्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स' (आईएटीओ) ने सोमवार को कहा कि क्षेत्र में जारी सैन्य संघर्ष के बीच पश्चिम एशिया से जुड़े मार्गों के लिए यात्रा बुकिंग में 20-25 प्रतिशत रद्दीकरण और पुनर्निर्धारण देखा जा रहा है। आईएटीओ के अनुसार, वर्तमान में व्यवधान मुख्य रूप से खाड़ी पारगमन केंद्रों और आसपास के क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट गलियारों में केंद्रित है। आईएटीओ के अध्यक्ष रवि गोसाईं ने बताया, /"जारी भू-राजनीतिक तनाव और संबंधित हवाई क्षेत्र की अनिश्चितताओं के कारण पश्चिम एशिया से जुड़े मार्गों पर यात्रा बुकिंग में 20-25 प्रतिशत की गिरावट और बदलाव देखा जा रहा है।/गोसाईं ने कहा कि उड़ानों के मार्ग परिवर्तन, यात्रा की लंबी अवधि, बीमा शर्तों और अंतिम समय में जारी होने वाले परामर्श के कारण यात्री सतर्क हो गए हैं और अपनी योजनाओं को स्थगित या संशोधित कर रहे हैं। गोसाईं ने कहा, यदि स्थिति और बिगड़ती है या हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध जारी रहते हैं, तो गर्मियों की छुट्टियों के दौरान इसका प्रभाव और बढ़ सकता है। निकट भविष्य में पश्चिम एशिया क्षेत्र की या वहां के रास्ते यात्रा करने वाले यात्रियों की एक बड़ी संख्या अपनी योजनाओं को टाल रही है। कंपनी अबू धाबी और दुबई में मौजूद यात्रियों को स्थानीय अधिकारियों की अधिसूचनाओं के आधार पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान कर रही है।

### औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि तीन माह के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर जनवरी में घटकर तीन महीने के निचले स्तर 4.8 प्रतिशत पर आ गई। खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर में नरमी आई। जनवरी, 2026 में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 4.8 प्रतिशत रहा जो एक साल पहले की समान अवधि में 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। इससे पहले अक्टूबर, 2025 में वृद्धि दर 0.5 प्रतिशत रही थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन:** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क:** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु:** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर:** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## मिडिल ईस्ट तनाव से एशियाई देशों में बढ़ा जोखिमः मूडीज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष तेज होने से भारत और एशिया के अन्य वस्तु आयातक देशों के लिए जोखिम बढ़ गया है। ऊर्जा और व्यापार मार्ग बाधित होने से आपूर्ति एवं कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। मूडीज एनालिटिक्स ने सोमवार को यह आशंका जताई। ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल की साझा सैन्य कार्रवाई और उसके बाद ईरान के जवाब हमलों से कच्चे तेल एवं गैस की आपूर्ति के प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरुमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया है। यह जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है, जहां से दुनिया के समुद्री मार्ग से होने वाले कच्चे तेल निर्यात का लगभग एक-तिहाई और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की करीब 20 प्रतिशत खेप गुजरती है।

### ब्याज दरों में कटौती रोकनी पड़ सकती है

शेयर बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट देखी गई। मूडीज ने आगाह किया कि ऊंची जिंस कीमतें उपभोक्ता एवं उत्पादक मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती हैं, जिससे केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरों में कटौती रोकनी पड़ सकती है या दरें बढ़ानी पड़ सकती हैं। ऐसा होने पर आयात बिल बढ़ेगा, व्यापार घाटा बढ़ेगा और मुद्रा पर भी दबाव पड़ सकता है।

### भारत तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक भारत अपनी जरूरत का लगभग आधा कच्चा तेल इसी मार्ग से आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से लाल सागर और व्यापक पश्चिम एशिया में और बाधाओं का जोखिम बढ़ गया है।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Sumit Singh, Civil Judge (Junior Division), Hisar
BABAL
Vs.
GENERAL PUBLIC
CNR No. HRHS02-000428-2026
Next Date:- 17-04-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
GENERAL PUBLIC :- HISAR
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 17-04-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Hisar
Sd/- Civil Judge
(Junior Division), Hisar
Dated, this day of 26-02-2026

**पूर्व रेलवे**
निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-416, दिनांक 26.02.2026। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मो/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का नाम: मालदा मंडल के टीएल कोचों (आईसीएफ तथा एलएचबी) में गैर-मुख्य गतिविधियों के विद्युतीय रखरखाव अनुबंध की तीन वर्षों हेतु आउटसोर्सिंग। निविदा मूल्य: रु. 2,46,48,996.54; बयाना राशि: रु. 2,73,300; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय: 06.03.2026 से 20.03.2026 को अपराह्न 3.30 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट: www.ireps.gov.in तथा सीनियर डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (MLD-352/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**
अभियोग संख्या 84 दिनांक 25.02.2026, धारा 127 (6) थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।
गुमशुदा की तलाश बारे –
नाम- निन्नु
पिता-पुत्र- रणजीत
पता- गाँव कुईचवर जिला देवरिया उतर प्रदेश हाल किरायेदार अमर सिह यादव राजेन्द्र कालोनी रोहतक।
उम्र-18 वर्ष।
हुलिया- रंग बदामी, शरीर पतला, लम्बुतरा चेहरा व कद 5 फुट 3 इंच

दिनांक 15.02.2026 को निन्नु पुत्र रणजीत निवास गाँव कुचईवर जिला देवरिया उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार अमर सिहं यादव राजेन्द्र कालोनी रोहतक। उम्र- 18 वर्ष। बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबंधक थाना शिवा जी कालोनी रोहतक - 7082999110,7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 9992129734
पीआरडीएच-1084/11/4525/2026/43440/88/6 दि. 02.03.26

**हैफेड जिला कार्यालय हिसार**
**निविदा/उद्धरण सूचना**
खाद्यान्न गोदामों में लैब्स स्थापित करने के लिए लैब उपकरणों नामतः मॉइस्चर मीटर, इनेमल प्लेट्स, सीव सैट, थर्मोमीटर, मैजरिंग ग्लास सिलेंडर (100 मि.ली. क्षमता), पेट्री डिशेज और टेस्ट ट्यूब्स, वजन सहित पोर्टेबल तराजू, सैम्पल डिवाइडर, ग्रेन डायल कैलिपर, पोकर्स, पार्खी (आईएस 2816:1964), स्मॉल स्कूप सैट, मैग्निफाइंग ग्लास, बैग ट्रायर, काउंटर स्केल (1 कि.ग्रा. क्षमता), डिजिटल बैलेंस, कॉनिकल फ्लास्क, पिपेट, और स्टॉपर सहित टेस्ट ट्यूब्स की आपूर्ति के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित प्राईवेट पार्टियों से मोहरबंद उद्धरण/प्रस्ताव एतद द्वारा आमंत्रित किए जाते हैं और इच्छुक पार्टियां अपने उद्धरण/प्रस्ताव दिनांक 06.03.2026 तक पूर्वा. 11.00 बजे तक जिला प्रबंधक हैफेड के कार्यालय, निकट मधुबन पार्क, ओल्ड सैशन रोड, हिसार में जमा करवा सकती हैं। इच्छुक पार्टियों को ई-मेल पते के साथ-साथ फर्म के पूर्ण विवरण सहित उद्धरण जमा करवाने और एफओआर आधार पर दरें भी उद्धरित करने का परामर्श दिया जाता है। उद्धरण उसी दिन अर्थात 10.03.2026 को अप. 12.00 बजे पार्टियों की उपस्थिति में खोले जाएंगे।
एक अथवा अधिक उपकरण की मात्रा तत्कालीन परिस्थितियों के अनुरूप बढ़ाई अथवा घटाई जा सकती है। हैफेड बिना कोई कारण बताए सभी अथवा किन्हीं प्रस्तावों / उद्धरणों को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त उद्धरणों पर कमेटी द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।
मो. नं. 8683887000 — हस्ता/- जिला प्रबंधक
सं. हैफेड/एचएसआर/टीओएस/707 — हैफेड, हिसार
संवाद-1023/11/58/2026/43441/सी/88/6 दि. 02.03.26 — दि. 27.02.2026

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
**VEHICLES FOR SALE**
1) TATA LPTK 3118 FULLY BUILT TIPPER(RAJESH SANJAY) REG.NO.-OD35B6085-YOM- 2017
2) ASHOK LEYLAND LIMITED - CB_TIPPER_AL_5525_ASHOK_LEYLAND (JAGDISH SINGH) REG.NO.-HR46F2376- YOM-2022
3) TATA ACE (GOURAV) REG.NO.-HR39F2888 -YOM-2023
4) TATA SIGNA 2830 (KUMKUM MINES & MINERALS PRIVATE LIMITED ) REG.NO.-HR61E7036- YOM-2023
5) MARUTI_SUPER_CARRY_CNG (VIKRAM ISHWER) REG.NO.-HR47G8274 -YOM-2024
6) TATA LPK 2518 HD FULLY BUILT TIPPER (R.N ASSOCIATES) REG.NO.-HR67C2947-YOM-2018
7) TATA LPS 4018 FULLY BUILT TRAILER (RAVI) REG.NO.-HR39D2280-YOM-2016
8) ASHOK LEYLAND DOST GOODS (SURESH) REG.NO.-HR61E8827-YOM-2022
9) AL ECOMET 1412 (SUNIL KUMAR.) REG.NO.-HR39E3442--YOM-2019
10) TATA LPS 4018 COWL CHASSIS TRAILER (RAJIV) REG.NO.-HR56A0017-YOM-2014
11) ASHOK LEYLAND DOST GOODS (VINOD KUMAR.) REG.NO.-HR56C7805 -YOM-2023
12) ALU5525 TIP TRAILER CHASSIS (MOHIT TRADING CO) REG.NO.-HR843566-YOM-2024
13) TATA LPT 1109 CAB CHASSIS (VISHAL) REG.NO.-DL1MB1424-YOM-2023
14) MARUTI_EECO(SEEMA) REG.NO.-HR14V2555 -YOM-2024
15) CB_L_AND_T_CASE_770_BACKHOE_LOADER (GURVINDER SINGH) REG.NO.HR24AD4188 -YOM-2019
16) TATA LPT 2518 GOODS (RAJESH KUMAR) REG.NO.-HR39D7971-YOM-2016
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 07 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 10.03.2026 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT :MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. +91-9671300231
EMAIL:-Goverdhan.Joshi@kotak.com

## शब्द पहेली - 6155




मंगल सैणचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली -6154 का हल





बंगाल में भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन का ऐलान

# सत्ता में आने पर स्थानीयों को मिलेंगे उनके अधिकार, इस्लामपुर होगा ईश्वरपुर

नवीन ने दावा किया कि अगर चुनाव आयोग 50 लाख बांग्लादेशियों के नाम मतदाता सूची से नहीं हटाता, तो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घुसपैठियों को मिलता। यह राज्य के वास्तविक लाभार्थियों के साथ अन्याय होता है। समय आ गया है अब जनता सजा दे

एजेंसी ▶▶ इस्लामपुर

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनने के बाद इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर कर दिया जाएगा। नवीन इस्लामपुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा बांग्लादेशियों को युवाओं-माताओं के अधिकार छीनने की इजाजत नहीं देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों की वजह से राज्य के स्थानीय लोगों के हक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी ने बंगाल के युवाओं को बेरोजगारी के अंधकार में धकेल दिया है। अब समय आ गया है कि जनता उन्हें इसके लिए सजा दे।

स्थानीय लोगों के हक प्रभावित कर रहे हैं घुसपैठिए

ममता ने युवाओं को बेरोजगारी के अंधकार में धकेला


भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन

**सीमा पर बाड़ लगाने जमीन नहीं दे रहीं ममता**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दे रही है, क्योंकि सीएम ममता बेनर्जी देश के नागरिकों की सुरक्षा नहीं करना चाहतीं। नवीन ने दावा किया कि अगर चुनाव आयोग 50 लाख बांग्लादेशियों के नाम मतदाता सूची से नहीं हटाता, तो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घुसपैठियों को मिलता। उन्होंने कहा कि यह राज्य के वास्तविक लाभार्थियों के साथ अन्याय होता।

**ममता घुसपैठियों को बचा रही**

नबीन ने कहा कि चुनाव आयोग ने जिन लोगों के नामों की पहचान की है और जिन्हें हटाया गया है, उन्हें देश से बाहर किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह के कानून के तहत की जाएगी। घुसपैठियों को बचाने की कोशिश में ममता ने काली पोशाक पहनकर सुप्रीम कोर्ट में दलील दी और अब उनके समर्थन में धरना देने की बात कर रही हैं।

नबीन से मिले गोरखा नेता

## गोरखालैंड की पुरानी मांग दोहराई



सिलीगुड़ी के कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष नितीन नबीन

सिलीगुड़ी। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले गोरखा समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से सिलीगुड़ी में मुलाकात कर अलग गोरखालैंड राज्य की पुरानी मांग दोहराई। साथ ही यह भी कहा कि यदि अलग राज्य संभव नहीं है तो उत्तर बंगाल को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया जाए। बैठक में दार्जिलिंग से भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिष्ट और भाजपा विधायक नीरज जिम्बा भी मौजूद थे।

**स्थाई समाधान निकालेंगे**

सांसद राजू बिष्ट ने कहा कि गोरखा समाज की पीड़ा को सामने आना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा संवाद के जरिए समाधान में विश्वास करती है और यदि 2026 में राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो पहाड़ की समस्याओं का स्थायी समाधान निकाला जाएगा। सांसद के रूप में वे गोरखा समाज के साथ मजबूती से खड़े हैं।

**खबर संक्षेप**

### 3 बच्चों के शव मिलने के बाद मां ने दी जान



**जयपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के वजीरपुर उपखंड के मीना बड़ौदा गांव में सोमवार को एक घर में बने पानी के टैंक में तीन बच्चों के शव मिले, जिसके बाद उनकी मां ने एक ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। पुलिस उपाधीक्षक गिर्राज मीना ने बताया कि घटनाक्रम में गृह क्लेश का मामला सामने आया है।

### शबरिमला सोना चोरी में जमानत याचिका खारिज



**कोल्लम।** केरल के कोल्लम की एक अदालत ने शबरिमला सोना चोरी की घटना से संबंधित दो मामलों में त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के एक पूर्व सदस्य की जमानत याचिकाएं सोमवार को निरस्त कर दी। न्यायाधीश मोहित सीएस ने के.पी. शंकर दास की चिकित्सकीय रिपोर्ट की जांच के बाद ये याचिकाएं खारिज कर दीं।

### 1एक्सबेट की 37 करोड़ संपत्ति ईडी ने जब्त की



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुख्यालय, नई दिल्ली ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 1एक्सबेट के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत लगभग 18.10 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है।

### यूट्यूबर सलीम पर हमला करने वाला ढेर



**गाजियाबाद।** यूट्यूबर सलीम वास्तिक की गला रेतकर हत्या का प्रयास करने वाले दो कट्टरपंथियों में से एक पुलिस ने रविवार की रात लोनी थाना क्षेत्र में एनकाउंटर में ढेर कर दिया। मारे गए बदमाश पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। वहीं इस पुलिस ऑपरेशन में दो पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हो गए हैं।

चुनावी सरगर्मी: केंद्रीय मंत्री शाह ने टीएमसी और सीएम ममता पर जमकर हमला बोला

# 'तुष्टिकरण' से विकास पूरी तरह रुका 8 लाख करोड़ के कर्ज में डूबा राज्य

शाह ने मदरसों को मिलने वाली आर्थिक मदद पर भी सवाल खड़े किए

शाह ने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य राज्य में बदलाव लाना और बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करना है। भाजपा पश्चिम बंगाल में भ्रष्ट तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाकर विकास का नया दौर शुरू करना चाहती है

एजेंसी ▶▶ दक्षिण 24 परगना

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी बिगुल फूंका। उन्होंने दक्षिण 24 परगना में एक जनसभा के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नीतियों और सीएम ममता बेनर्जी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण से राज्य का विकास नहीं हो सकता। शाह ने दावा किया कि राज्य 8 लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है। शाह ने मदरसों को मिलने वाली आर्थिक मदद पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने दूसरे राज्यों के विपक्षी दलों की सियासत पर भी हमले बोले। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर घुसपैठियों को राज्य से बाहर किया जाएगा और सीमा वाले राज्य की सुरक्षा मजबूत की जाएगी। किसी भी हिंदू शरणार्थी की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी।

ममता की रुचि अपने भतीजे को सीएम बनाने में

भ्रष्टाचारी पूर्व डीजीपी को राज्यसभा भेजा जा रहा

7वें वेतन आयोग के अनुसार कर्मचारियों को वेतन देंगे


पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह

**बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कराएंगे**

शाह ने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य राज्य में बदलाव लाना और बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करना है। भाजपा पश्चिम बंगाल में भ्रष्ट तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाकर विकास का नया दौर शुरू करना चाहती है। शाह ने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण राज्य का विकास प्रभावित हुआ है और बंगाल की स्थिति लगातार खराब हुई है। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सत्ता में आने पर राज्य सरकारी कर्मचारियों को सातवें वेतन

**ममता की विकास में रुचि नहीं**

अमित शाह ने कहा कि अगर गलती से फिर तृणमूल कांग्रेस सत्ता में लौटती है तो सरकार ममता बेनर्जी नहीं बल्कि उनके 'भतीजे' द्वारा चलाई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बेनर्जी राज्य के विकास में रुचि नहीं रखतीं और सिर्फ अभिषेक बेनर्जी को सीएम बनाना चाहती हैं। पूर्व डीजीपी राजीव कुमार को राज्यसभा भेजा जा रहा है, जिनके कार्यकाल में बंगाल में भ्रष्टाचार बढ़ा।

**बंगाल में 480 कंपनियों की होगी तैनाती**



चुनाव के मद्देनजर पश्चिम बंगाल में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निर्वाचन आयोग ने केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती का अंतिम खाका जारी कर दिया है।

दूसरे चरण की तैनाती के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 480 कंपनियों को चरणबद्ध तरीके से तैनात किया जा रहा है। आयोग के अनुसार 10 मार्च से कई जिलों में अतिरिक्त कंपनियां सक्रिय हो जाएंगी। पहले चरण में 280 कंपनियां पहले ही राज्य के अलग-अलग जिलों में तैनात की जा चुकी हैं। अब शेष 280 कंपनियों का भी जिला-वार आवंटन तय कर दिया गया है। राज्य में सबसे अधिक केंद्रीय बलों की तैनाती उत्तर 24 परगना में की जा रही है। यहां तीन पुलिस जिलों और दो पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्रों को मिलाकर 10 मार्च से कुल 58 कंपनियां तैनात होंगी।

**टीएमसी का बड़ा दांव** 84 एससी-एसटी सीटों पर 'तपशिलीर संगलाप' अभियान

टीएमसी ने राज्य की 84 अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसी) वाली विधानसभा सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करने की तैयारी की है। इसके लिए 60 दिनों का एक विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है। पार्टी ने भाजपा पर राज्य का फंड रोकने और पिछड़े समुदायों का अपमान करने का भी आरोप लगाया है।


अभिषेक बेनर्जी

**5 मार्च से गांवों और बूथों तक पहुंचेगे**

टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी ने बताया कि 'तपशिलीर संगलाप' नाम का यह अभियान होली के बाद 5 मार्च से शुरू होगा। टीएमसी की टीमें विशेष वाहनों से लक्षित विधानसभा क्षेत्रों के गांवों और बूथों तक पहुंचेंगी।

महाराष्ट्र के पालघर में ओलियम गैस लीक

## फैला धुंआ, सड़कों पर बेहोश हुए लोग, 2 किमी तक असर

आसपास की फैक्ट्रियां खाली कराईं

आपदा प्रबंधन टीमें मौके पर पहुंची


गैस लीक से सड़कों पर प्रभावित पीड़ित

एजेंसी ▶▶ पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक रासायनिक यूनिट से दोपहर को ओलियम (फ्यूमिंग सल्फ्यूरिक एसिड) गैस का रिसाव हुआ। गैस लीक शुरू होते ही कंपनी के कर्मचारी जान बचाकर बाहर भागने लगे। आसपास की अन्य इकाइयों से करीब 2600 कामगारों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया। कई लोग सड़क पर ही बेहोश होते हुए दिखाई दिए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि एमआईडीसी डी-जोन क्षेत्र में स्थित भागेरिया केमिकल्स कंपनी (पूर्व में जेनिथ केमिकल्स के नाम से जानी जाती थी) की इकाई से जहरीली गैस का रिसाव हुआ, जिसके चलते जिला प्रशासन और आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत कार्रवाई की।

**दोपहर 2 बजे शुरू हुआ रिसाव**

जानकारी के अनुसार, गैस लीकेज दोपहर करीब 2 बजे उस टैंक/सिस्टम से शुरू हुआ जिसमें ओलियम भरा था। दरअसल ओलियम हवा के संपर्क में आते ही सल्फर डाइऑक्साइड और अन्य सल्फर ऑक्साइड में बदल जाता है, जिसके कारण क्षेत्र में घने धुएं के बादल फैलने लगे। लीक के समय हवा पश्चिम से पूर्व दिशा में बह रही थी, जिससे गैस तेजी से दूर तक पहुंच गई। इसका प्रभाव 2 किलोमीटर के दायरे तक महसूस किया गया। गैस के संपर्क में आए लोगों में घबराहट फैल गई। उन्होंने लाल आंख और तेज जलन, गले में खराश, सूखापन और सांस लेने में मुश्किल, सीने में जलन, मितली और घबराहट जैसी स्थिति बताई।

**लोगों में दहशत का माहौल**

स्थानीय निवासियों और कामगारों में घबराहट का माहौल रहा। खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड और आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंचे और लीकेज बंद करने की कोशिशें की गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर टेंडर, आपदा प्रबंधन टीमें और प्रशासन मौके पर पहुंच गया। ओलियम गैस को रोकने और टैंक को सुरक्षित करने का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

आबकारी मामला: सीबीआई की दलील

## केजरीवाल सहित अन्य को बरी करने का कोर्ट का आदेश अवैध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और अन्य को बरी करने वाले विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए, सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में दलील दी कि यह आदेश अभियोजन पक्ष के मामले की चुनिंदा व्याख्या पर आधारित था, जिसमें आरोपियों की संलिप्तता दर्शाने वाली सामग्री को नजरअंदाज किया गया था, और यह 'स्पष्ट रूप से अवैध' था। उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी 974 पृष्ठों की याचिका में, सीबीआई ने कहा कि विशेष न्यायाधीश ने अनिवार्य रूप से एक संक्षिप्त सुनवाई की, जिसमें आरोपियों के कार्यों का समग्र रूप से आकलन करने के बजाय साजिश के अलग-अलग पहलुओं से अलग-अलग निपटा गया। इस आदेश को 'विकृत बताते हुए एजेंसी ने कहा कि इसमें 'स्पष्ट त्रुटियां' हैं, यह तथ्यों की 'गलत व्याख्या' पर आधारित है।

तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर दीपम विवाद

## स्टालिन बोले- व्यक्तिगत आस्था को राजनीति के आगे नहीं झुकाया

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



तमिलनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन ने तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर में दीप प्रज्वलन विवाद पर राज्य सरकार के रुख का बचाव करते हुए कहा है कि व्यक्तिगत आस्था को राजनीति के आगे नहीं झुकना चाहिए। सीएम की यह टिप्पणी पीएम नरेंद्र मोदी के रविवार को तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रह्मण्य स्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करने के बाद आई है। स्टालिन ने एक मार्च को अपने 73वें जन्मदिन पर जारी एक वीडियो में कहा कि उनकी सरकार ने तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर एक पत्थर के स्तंभ पर कार्तिगई दीपम जलाने के विवाद पर अपने रुख का बचाव किया है। सीएम के रूप में उन्होंने मंदिर की परंपरा की रक्षा करने का विकल्प चुना, न कि एक धार्मिक नेता के रूप में। स्टालिन ने संदेश में कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि व्यक्तिगत आस्था को राजनीति के आगे नहीं झुकना चाहिए।

## केरल में 'मंजल कुली', हल्दी के पानी की होली



**कोच्चि।** केरल में सोमवार को मंजल कुली होली उत्सव मनाया गया, जिसे हल्दी स्नान होली भी कहा जाता है। यह केरल में कोंकणी समाज द्वारा मनाया जाने वाला खास त्योहार है। इस दिन हल्दी का उपयोग शरीर और मन की शुद्धता का प्रतीक माना जाता है। यह हर साल फाल्गुन महीने की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। मुख्य आयोजन गोश्रीपुरम थिरुमा में स्थित कोंकणी मंदिर में होता है।

स्टडी इन इंडिया एजु-डिप्लोमैटिक एन्क्लेव 2026 में शिक्षा मंत्री बोले

## नई शिक्षा नीति से वैश्विक शिक्षा के क्षेत्र में भारत की स्थिति हुई मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि वर्ष 2047 तक, जब देश आजादी के 100 साल पूरे करेगा, तब तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। भारत की ताकत उसकी युवा आबादी है। बड़ी संख्या में युवा पढ़ रहे हैं, नए विचार ला रहे हैं और नई तकनीक पर काम कर रहे हैं। धर्मेंद्र प्रधान नई दिल्ली में आयोजित स्टडी इन इंडिया एजु-डिप्लोमैटिक एन्क्लेव 2026 में बोल रहे थे। यहां उन्होंने 50 से अधिक देशों के राजनयिकों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि सरकार चाहती है कि दुनिया के बड़े विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर खोलें। इसके लिए नियम बनाए गए हैं ताकि प्रक्रिया साफ और समय पर पूरी हो।

**भारत वैश्विक शैक्षणिक केंद्र बन रहा**


धर्मेंद्र प्रधान

शिक्षा मंत्री ने विदेशी उच्च शिक्षा संस्थानों से भारत की तेजी से विकसित हो रही, नवाचार-आधारित शिक्षा प्रणाली के साथ सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत अब सिर्फ पढ़ाई करने की जगह नहीं, बल्कि एक बड़ा शैक्षणिक केंद्र बन रहा है।

**युवाओं के कौशल पर जोर**

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 आने के बाद देश की पढ़ाई का ढंग बदल गया है। अब छात्रों को केवल किसी एक विषय तक सीमित रहने की जरूरत नहीं है। छात्र एक साथ अलग-अलग विषय पढ़ सकते हैं। युवाओं के कौशल पर भी जोर दिया जा रहा है, यानी पढ़ाई ऐसी हो जो सीधे तौर पर भविष्य में काम आए। शिक्षा से सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि काम करने की क्षमता भी मिले।

राष्ट्रपति मुर्मू 'सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली' कार्यक्रम में हुईं शामिल

## होली-दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर योजना का किया शुभारंभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली सरकार की लखपति बिटिया योजना, होली-दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड और बेटियों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) हस्तांतरण का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रपति ने यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। सैनिक के रूप में वे देश की सीमाओं की रक्षा कर रही हैं। वैज्ञानिक के रूप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही हैं। खेल प्रतिस्पर्धाओं में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का तिरंगा लहरा रही हैं।

**खास बातें**

- बेटियों के खाते में भेजे गए रुपए
- सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड भी दिए

**सपने देखिए, कल संवारिए**


दिल्ली लखपति बिटिया योजना का शुभारंभ करती राष्ट्रपति मुर्मू

सीएम ने कहा कि दिल्ली की नारी शक्ति को अवसर, सुरक्षा और सम्मान मिलेगा, आज का दिन यही संदेश देगा। नारी शक्ति ही विकसित दिल्ली की नई पहचान बनेगी। उन्होंने बहनों, माताओं और प्यारी बेटियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि सपने देखिए, अपना कल संवारिए, हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ है।

नारी के सम्मान का संकल्पः सीएम

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के इतिहास में नारी शक्ति के नाम एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। यह केवल योजनाओं का शुभारंभ नहीं है। यह सम्मान का संकल्प है। यह विश्वास का विस्तार है। यह उस शक्ति का अभिनंदन है, जो हर घर की धुरी है, हर परिवार की ताकत है। जब बेटी सशक्त होती है, परिवार सशक्त होता है।

**महिलाओं को प्रोत्साहन एवं सहयोग देना हमारा कर्तव्य**

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित बनाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उनको प्रोत्साहन एवं सहयोग देना, हम सबका कर्तव्य है। हमें अपनी बेटियों को यह विश्वास दिलाना है कि वे सपने देखने और उन्हें पूरा करने की क्षमता रखती हैं तथा हम उनके सपनों को साकार करने में उनके साथ खड़े हैं। यदि महिलाएं सुरक्षित, शिक्षित, और आत्मनिर्भर होंगी, हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व प्रदान करेंगी तब पूरे देश में सकारात्मक संदेश जाएगा।

## चिंतन

# जंग रुकवाने को शांति समर्थक देश आगे आएं

पश्चिम एशिया में बढ़ता सैन्य टकराव एक बार फिर पूरी दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहा है। हाल के हमलों में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर की गई कार्रवाई ने हालात को और विस्फोटक बना दिया है। बिना दूरगामी परिणामों की परवाह किए किए गए ऐसे हमले केवल सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनका दुष्प्रभाव आम नागरिकों तक पहुंचता है। सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान जाना, रिहायशी इमारतों और बुनियादी ढांचे का नष्ट होना, अस्पतालों और जरूरी सेवाओं का ठप पड़ना ये सब संकेत हैं कि यह संघर्ष यदि नहीं रुका तो एक गहरे मानवीय संकट में बदल सकता है। युद्ध का सबसे बड़ा खामियाजा हमेशा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है। जब बम गिरते हैं तो सीमाएं नहीं देखते, वे स्कूल, बाजार, घर और सपनों को भी तबाह कर देते हैं। खाद्य आपूर्ति बाधित होती है, दवाइयों की कमी हो जाती है और विस्थापन की समस्या विकराल रूप ले लेती है। यदि यह टकराव लंबा खिंचता है, तो प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को खाने के लाले पड़ सकते हैं। शरणार्थियों की नई लहरें पैदा होंगी, जिससे पड़ोसी देशों पर भी दबाव बढ़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले ही कई संकटों से जूझ रही है, ऐसे में तेल आपूर्ति और व्यापार मार्गों पर असर पड़ने से अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाएं डगमगा सकती हैं। इजराइली हमलों के बाद क्षेत्रीय संगठनों की सक्रियता भी चिंता का विषय है। हिजबुल्ला जैसे संगठन यदि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संघर्ष में कूदते हैं, तो हालात बहुपक्षीय युद्ध का रूप ले सकते हैं। इससे न केवल संघर्ष का दायरा बढ़ेगा, बल्कि नियंत्रण और भी कठिन हो जाएगा। इतिहास गवाह है कि जब क्षेत्रीय युद्धों में बाहरी और गैर-राज्य तत्व शामिल होते हैं, तो शांति की राह और लंबी तथा जटिल हो जाती है। ऐसे समय में शांति समर्थक देशों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। वैश्विक मंच पर प्रभाव रखने वाले देशों जैसे रूस, भारत और चीन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे केवल बयानबाजी तक सीमित न रहें, बल्कि ठोस कूटनीतिक पहल करें। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर सक्रिय हस्तक्षेप, आपातकालीन बैठकें और तत्काल युद्धविराम का प्रस्ताव इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। इन देशों के पास न केवल राजनीतिक प्रभाव है, बल्कि वे संवाद के ऐसे सेतु भी बन सकते हैं जिन पर चलकर विरोधी पक्ष वार्ता की मेज तक पहुंचें। हालांकि, ताकतवर देश होने के नाते पहल की पहली जिम्मेदारी अमेरिका पर ही आती है। यदि वह ईमानदारी से मध्यस्थता की भूमिका निभाए और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर तनाव घटाने की दिशा में कदम बढ़ाए, तो समाधान की संभावना प्रबल हो सकती है। शक्ति का वास्तविक अर्थ केवल सैन्य क्षमता नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में संयम और नेतृत्व दिखाना भी है। यदि अमेरिका इस विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने की दिशा में ठोस प्रयास करे, तो अन्य देश भी सहयोग देने को आगे आएंगे। सामूहिक कूटनीति ही इस संकट का वास्तविक समाधान है। युद्ध का लंबा चलना किसी के हित में नहीं है। इससे न तो स्थायी सुरक्षा मिलती है और न ही राजनीतिक समाधान निकलता है। इसके विपरीत, यह कट्टरता को बढ़ावा देता है, नई पीढ़ियों में अविश्वास बोता है और मानवता को गहरे घाव देता है। इसलिए आज आवश्यकता है साहसिक शांति पहल की ऐसी पहल जो हथियारों की आवाज को खामोश कर सके और संवाद की आवाज को बुलंद करे।



मुद्दा
अवधेश कुमार

# खामेनेई का अंत और इस्लामी क्रांति

> सामान्यत: आम इस्लामी देशों से थोड़ा उदार और खुले जीवन जीने वाले ईरान में 1979 के इस्लामी क्रांति और अयातुल्लाह के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापना संपूर्ण विश्व की दृष्टि से एक नई घटना थी। इसमें केवल ईरान नहीं संपूर्ण अरब और कुछ मायनों में इससे बाहर भी गैर इस्लामी या इस्लाम विरोधी शासनों के अंत और इसके विस्तार का विचार प्रबल था। यहूदी देश इजराइल को इस्लाम का दुश्मन घोषित करते हुए ईरान राष्ट्र का लक्ष्य धरती से उसका नामोनिशान मिटाना हो गया। इस्लामी क्रांति के साथ 1979 में अमेरिकी दूतावास पर हमले और उसके बाद की तस्वीरें आज भी सिहरन पैदा करती हैं।

अमेरिका और इजराइल के संयुक्त मामले में ईरान के सर्वोच्च मजहबी नेता अयातुल्लाह अल खामेनेई का मारा जाना 21वीं सदी की ऐसी बड़ी घटना है जिसका प्रभाव कई रूपों में संपूर्ण विश्व पर पड़ेगा। इस्लामी शासन होने के कारण वे व्यावहारिक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता थे। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की भूमिका खामेनेई की नीतियों के क्रियान्वयन की रही है। अयातुल्लाह होने के कारण उन्हें विश्व भर के शिया मुसलमान अपने शीर्ष मजहबी नेता के रूप में देखते थे। पाकिस्तान, ईरान, भारत सहित कई देशों में शिया मुसलमानों का विरोध सामने है। किंतु यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरान के एक भी पड़ोसी देश ने ईरान का पक्ष नहीं लिया है। हालांकि पिछले वर्ष खामेनेई ने संपूर्ण विश्व के मुसलमानों की एकता का आह्वान किया था। ईरान और उसके बाहर उनके समर्थकों की कल्पना में कभी उनके इस तरह की मौत की बात नहीं आई होगी। हालांकि पिछले वर्ष जून में पहले इजराइल और बाद में अमेरिका के हमले के समय अटकलें लगी थी कि शायद वे देश छोड़कर चले गए। ऐसा हुआ नहीं।

इस घटना की संपूर्ण परिणतियों का स्पष्ट पूर्वावलोकन अभी कठिन है। इतना स्पष्ट कहा जा सकता है कि ईरान में 1979 से इस्लामी क्रांति का एक दौर तत्काल समाप्त हो गया है। ऐसा नहीं है कि इस्लामी क्रांति के बाद हुए परिवर्तनों, स्थापित ढांचें, विचारधाराएं समाप्त हो गईं हैं पर कम से कम उस रूप में आने वाले लंबे समय तक मुक्त और स्वतंत्र शिया इस्लामी शासन नहीं हो सकता। यह कथन सामान्य क्रांतियों के संदर्भ में है कि क्रांति के शिशु ही क्रांति को खा जाते हैं। ईरान के इस्लामी क्रांति के बारे में भी तत्काल यह निष्कर्ष सही दिखता है। सामान्यतः आम इस्लामी देशों से थोड़ा उदार और खुले जीवन जीने वाले ईरान में 1979 के इस्लामी क्रांति और अयातुल्लाह के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापना संपूर्ण विश्व की दृष्टि से एक नई घटना थी। इसमें केवल ईरान नहीं संपूर्ण अरब और कुछ मायनों में इससे बाहर भी गैर इस्लामी या इस्लाम विरोधी शासनों के अंत और इसके विस्तार का विचार प्रबल था। यहूदी देश इजराइल को इस्लाम का दुश्मन घोषित करते हुए ईरान राष्ट्र का लक्ष्य धरती से उसका नामोनिशान मिटाना हो गया। अमेरिका और उसके नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों को शैतान कहा गया। यह व्यावहारिक तौर पर विश्व में एक इस्लामी विद्रोह की सत्ता का स्वरूप था। सच कहें तो इसी अतिवादी भाव के व्यवहार ने ईरान को उस अवस्था में पहुंचा दिया जहां उसका शांत, स्थिर, सशक्त और सुरक्षित रहना असंभव था। जब आप किसी एक देश के धरती पर नहीं रहने के अधिकार की घोषणा करेंगे और उसके अनुसार देश का व्यवहार होगा, बाहर अलग-अलग हिंसक समूह पैदा कर उसकी मदद करेंगे तो इसकी प्रतिक्रिया आपको झेलनी पड़ेगी। आखिर कोई देश ऐसे शासन को कायम रहने देने के पक्ष में क्यों होगा जो उसके अंत को अपना लक्ष्य बनाकर काम कर रहा हो?

इस्लामी क्रांति के साथ 1979 में अमेरिकी दूतावास पर हमले और उसके बाद की तस्वीरें आज भी सिहरन पैदा करती हैं। अमेरिकी कर्मचारियों के हाथ बांध कर बाहर लाया गया, वे बंधक बनाए गए। तब से हर अमेरिकी राष्ट्रपति की कामना होती थी ईरान से इस्लामी शासन का अंत हो। तत्कालीन ईरानी शासक राजा शाह



पहलवी को अपने परिवार और समर्थकों के साथ अमेरिका में शरण लेनी पड़ी। आज उनके पुत्र रेजा शाह पहलवी और परिवार अमेरिका में ही है। पिछले लगभग 3 महीने से ईरान के अंदर विरोध प्रदर्शनों में हमने देखा कि लोग उनकी तस्वीरें लिए वापस आओ के नारे लगा रहे थे। ये लोग अमेरिका से भी हस्तक्षेप की भी मांग कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विरोधियों का समर्थन किया, ईरान को चेतावनी दी पर तत्काल सीधा हस्तक्षेप नहीं किया। कुछ वक्तव्यों और घटनाओं से लग रहा था कि डोनाल्ड ट्रंप इस बार परिणामकारी सैन्य हस्तक्षेप करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने खामेनेई शासन को चेतावनी दी, न्यूक्लियर कार्यक्रमों को समाप्त करने की शर्तें रखी, ओमान में बातचीत भी आरंभ की किंतु सब रणनीति के तहत था। उसके साथ-ईरान के आसपास अब्राहम लिंकन जैसा सबसे बड़ा नौसैनिक बेरा और अन्य तैयारी होती रही।

दरअसल, 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा उत्सव मना रहे निर्दोष निरपराध यहूदियों पर हमला कर लगभग 1200 लोगों का सरेआम कत्लेआम और बंधक बना लेने की घटना ने पश्चिम एशिया खासकर ईरान इजराइल, ईरान अमेरिका संबंधों को ऐसे मोड़ पर ला दिया जिसे अयातुल्लाह सहित उनके परिवार के अनेक सदस्यों, प्रमुख कमांडरों और रक्षा मंत्री आदि की मृत्यु की पृष्ठभूमि माना जा सकता है। गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह, यमन में हुती अयातुल्लाह के ईरान के ही गैर राज्यीय आतंकवादी समूह हैं।

इजराइल और अमेरिका का ऑपरेशन तभी से आगे बढ़ने लगा। लेबनान में हिजबुल्लाह तथा गाजा में हमास को पूरी तरह समाप्त करने के लक्ष्य से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कार्रवाई आरंभ की। हिजबुल्लाह प्रमुख नजीबुल्लाह और उसके ज्यादातर शीर्ष साथियों की मृत्यु, उसके केंद्र काफी हद तक नष्ट होने आदि के साथ उसकी शक्ति इतनी क्षीण हो गई कि पहले की तरह संघर्ष नहीं कर सकते थे। गाजा में भी संघर्ष जारी रहा और अपने लोगों को सुरक्षित लाने की विवशता रहते हुए भी इजरायल ने हमास के ढांचे को जितना संभव था अंत करने की कोशिश की। डोनाल्ड ट्रंप के शासन में आने के बाद कुछ समय के लिए लगा कि शायद इजरायल की उनको लेकर अपेक्षाएं गलत साबित हो सकतीं हैं, लेकिन 22 जून 2025 को अमेरिका के शक्तिशाली जीबी 57ए/ बी मैसिव ऑर्डिनेंस पेनिट्रेट या एमोपी जिसे बंकर बस्टर बम भी कहा जाता है, के हमलों में ईरान के तीन महत्वपूर्ण फोर्डो, नतांज और इस्फाहान न्यूक्लियर ठिकानों को नष्ट किया। वस्तुतः अमेरिका और इजराइल क्रमबद्ध तरीके से यहां तक पहुंचे हैं। ईरान पर पिछले एक दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों ने उसके तेल व्यापार को लगभग समाप्त कर दिया और आर्थिक संकट बढ़ता गया। डोनाल्ड ट्रंप ने उन प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने के उपाय किए और उनके तेवर ऐसे थे जिसका असर हुआ। इस बीच ईरान रिवॉल्यूशनरी कोर्प्स गार्ड से लेकर प्रमुख रक्षा वैज्ञानिकों आदि की हत्यायें होती रहीं । इजरायल ने भी बीच-बीच में हमले किए।

अभी भविष्य की स्पष्ट तस्वीर नहीं प्रस्तुत की जा सकती। ईरान के बचे-खुचे कमांडर अपनी शक्ति से संघर्ष करेंगे, दुनिया भर के शिया अतिवादी समूह अपने स्तर से हिंसा और विरोध करेंगे, लेकिन ईरान के शासन का लंबे समय तक समूचे देश पर नियंत्रण रहना कठिन होगा। ईरान पर कब्जा कर किसी को सत्ता पर बिठाना अमेरिका के लिए कठिन है। बड़ी संख्या में ईरानी भी किसी बाहरी हस्तक्षेप वाले शासन को स्वीकार नहीं करेंगे। जो भी हो 1979 इस्लामी क्रांति के सिद्धांत वाली ऐसी शासन व्यवस्था वहां कायम नहीं रह सकती, जिसका संपूर्ण देश पर प्रभावी नियंत्रण हो।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

त्योहार
ममता कुशवाहा



# रंग, रिवाज़ और रज़ामंदी होली के बदलते मायने

होली भारतीय समाज का ऐसा पर्व है, जो रंगों, हंसी और आपसी मेल-जोल के माध्यम से जीवन की नीरसता को तोड़ता है। यह उत्सव ऋतुओं के परिवर्तन का संकेत देता है, सामाजिक दूरी को कम करता है और मनुष्य के भीतर दबे उल्लास को बाहर आने का अवसर देता है। परंतु समय के साथ होली केवल आनंद और रंगों का पर्व भर नहीं रही, बल्कि इसके साथ उन्माद, अराजकता और सहमति जैसे जटिल प्रश्न भी जुड़ते चले गए हैं। आज होली केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज के मनोविज्ञान को परखने का एक आईना भी बन चुकी है। भारतीय परंपरा में होली का मूल भाव समरसता का रहा है। यह वह दिन था जब ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, स्त्री-पुरुष की दीवारें कुछ समय के लिए ढह जाती थीं। लोग एक-दूसरे को रंग लगाते, गले मिलते और पुराने वैर-भाव भूल जाते थे। रंग यहां केवल भौतिक तत्व नहीं, बल्कि समानता और साझेपन का प्रतीक था। होली का हास्य, फाग और ठिठोली जीवन के तनाव को हल्का करने का सामाजिक उपकरण भी रहा है। किंतु परंपरा और आधुनिकता के बीच के तनाव ने इस उत्सव के स्वरूप को कहीं-कहीं विकृत भी किया है। सामूहिक उत्सवों का मनोविज्ञान व्यक्ति के एकांत व्यवहार से भिन्न होता है। जब व्यक्ति भीड़ का हिस्सा बनता है, तो उसका विवेक कई बार समूह की मानसिकता में विलीन हो जाता है। होली जैसे पर्व में यह प्रक्रिया और तीव्र हो जाती है। रंग, संगीत, नशा और भीड़, ये सभी मिलकर एक ऐसा वातावरण रचते हैं, जिसमें व्यक्ति स्वयं को जवाबदेही से मुक्त समझने लगता है। यही वह बिंदु है, जहाँ उत्सव धीरे-धीरे उन्माद में बदलने लगता है। व्यक्ति वह आचरण करने लगता है, जिसे वह सामान्य परिस्थितियों में गलत मानता। सामूहिक उन्माद का मनोविज्ञान बताता है कि भीड़ में व्यक्ति की पहचान धुंधली हो जाती है। वह "मैं" से "हम" में बदल जाता है, और यह "हम" कई बार अनियंत्रित हो सकता है। होली के दौरान यह उन्माद अक्सर "बुरा न मानो होली है" जैसे वाक्यों के पीछे छिपा दिया जाता है। यह वाक्य परंपरागत रूप से सौहार्द और मज़ाक का संकेत था, लेकिन आज कई बार इसे असहमति को कुचलने के औजार की तरह इस्तेमाल किया जाता है। मज़ाक और उत्पीड़न के बीच की महीन रेखा यहीं टूटती है। यहीं से सहमति का प्रश्न जन्म लेता है। किसी पर रंग डालना, पानी फेंकना या स्पर्श करना तब तक उत्सव का हिस्सा है, जब तक वह सामने वाले की इच्छा से हो। जैसे ही यह इच्छा अनदेखी होती है, उत्सव हिंसा का रूप ले लेता है भले ही वह हिंसा शारीरिक न होकर मानसिक या भावनात्मक क्यों न हो। समाज में लंबे समय तक यह मान्यता रही कि होली के दिन सब कुछ "चल जाता है", लेकिन आधुनिक संवेदनशीलता इस धारणा को चुनौती देती है। आज यह प्रश्न अधिक मुखर है कि क्या परंपरा के नाम पर किसी की असहमति को नज़रअंदाज़ किया जा सकता है? विशेषकर महिलाओं के संदर्भ में यह प्रश्न और भी गंभीर हो जाता है। कई स्त्रियों के लिए होली आनंद का नहीं, बल्कि भय और असहजता का दिन बन जाती है। अनचाहा स्पर्श, अश्लील टिप्पणियां और जबरन रंग लगाना, इन सबको सामाजिक स्वीकृति मिल जाती है, क्योंकि इन्हें उत्सव के आवरण में ढक दिया जाता है। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत नैतिकता का नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक चेतना का सवाल है। यदि समाज उत्सव के नाम पर असहमति को कुचलता है, तो वह मूलतः अपने ही मानवीय मूल्यों से समझौता करता है। होली और उन्माद का एक पहलू नशे से भी जुड़ा है। भांग और शराब जैसे पदार्थ व्यक्ति के संयम को और कम कर देते हैं। नशे में व्यक्ति अपने व्यवहार के परिणामों के प्रति और अधिक असंवेदनशील हो जाता है। सामूहिक नशा सामूहिक उन्माद को जन्म देता है, जहां किसी एक का गलत आचरण भी पूरे समूह द्वारा सही ठहराया जाने लगता है। इस स्थिति में नैतिकता व्यक्तिगत नहीं रहती, बल्कि भीड़ द्वारा तय की जाती है और यही सबसे खतरनाक स्थिति होती है। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं कि होली स्वभावतः हिंसक या नकारात्मक पर्व है। वास्तव में होली हमें आईना दिखाती है हमारे समाज के भीतर छिपे उल्लास का भी और हमारी असंवेदनशीलता का भी। यदि हम चाहें, तो होली को फिर से वही बना सकते हैं, जो वह मूलतः थी- रंगों का, रिश्तों का और सम्मान का पर्व। इसके लिए ज़रूरी है कि हम उत्सव को उन्माद से अलग करें और परंपरा को मानवीय मूल्यों के साथ पुनर्परिभाषित करें। जब रंग सहमति से लगेंगे और हँसी किसी की पीड़ा पर नहीं, बल्कि साझे आनंद पर आधारित होगी, तभी होली वास्तव में अपने अर्थ को साकार कर पाएगी।

( लेखिका वरिष्ठ शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## पैसा, सेहत व ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### विज्ञान वरदान बने, अभिशाप नहीं

28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य देश में विद्यार्थियों और लोगों की विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना भी है। हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। सूरज-चांद तक नए-नए आविष्कार करने की ओर अग्रसर हो गया है। हमारे देश के वैज्ञानिक भी उन देशों से कम नहीं हैं, जो तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको सुपर पावर मानते हैं। अगर सरकारें विज्ञान की पढ़ाई को देश में दुरुस्त करने के लिए गंभीरता दिखाएं तो हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया के सभी देशों को पीछे छोड़ दे। यह प्रश्न भी अहम है कि विज्ञान एक वरदान है या अभिशाप? यह मानव के वश में ही है कि विज्ञान को अभिशाप बनने से रोका जाए। तभी वह वरदान बना रहेगा।

*- प्रदीप सोनी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर बनेंगी बेटियां



'मेरी पूंजी, मेरा अधिकार', सहेली स्मार्ट कार्ड और दिल्ली लखपति बिटिया जैसी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सभी कल्याणकारी योजनाएं दिल्ली की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर समृद्ध दिल्ली के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। **-द्रौपदी मुर्मु,** राष्ट्रपति

### तनाव से भारत चिंतित



पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए। हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### घुसपैठिए छीन रहे अवसर



बंगाल के युवाओं को मिलने वाले अवसर घुसपैठिए छीन रहे हैं। राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। टीएमसी ने सीएए के बारे में भी झूठ फैलाया, क्योंकि वे इन घुसपैठियों को बसाना चाहते हैं। टीएमसी की सरकार हर स्तर पर भारतीय संविधान का गला घोंट रही है। **-राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

### नशे की लत घातक



हम मद्यपान पर नियंत्रण के प्रयासों का पूरा समर्थन करते हैं, क्योंकि नशे की लत परिवार और समाज दोनों के लिए घातक है। शराब के सेवन और निर्माण पर रोक लगाने का विचार सामाजिक दृष्टि से उचित है। इसलिए इस पर रोक लगाई जाए। **-चिराग पासवान,** केंद्रीय मंत्री

## करंट अफेयर

# नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों में मनाई जा रही होली

नेपाल में सोमवार को होली का उत्सव शुरू हो गया और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने कहा कि यह त्योहार लोगों को सामाजिक विकृतियों और बुरी प्रथाओं को समाप्त करने के लिए प्रेरित करता है।



राष्ट्रपति पौडेल ने देश के पहाड़ी जिलों में मनाए जा रहे रंगों के त्योहार के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। हालांकि, तराई क्षेत्र में यह त्योहार मंगलवार को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह त्योहार लोगों को सामाजिक विकृतियों और बुरी प्रथाओं को समाप्त करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही देश में सामाजिक सद्भाव और एकता बनाए रखने में मदद कर सकता है। उत्सव की औपचारिक शुरूआत सात फरवरी को काठमांडू के बसंतपुर दरबार चौक पर 32 फुट से अधिक लंबी बांस की छड़ी 'चिर' की स्थापना के साथ हुयी। रंग-बिरंगे कपड़े छड़ी पर बांधे गए, जो उत्सव के प्रारंभ का प्रतीक था। हालांकि, लोग होली का मुख्य दिन फाल्गुन महीने की पूर्णिमा के दिन मनाते हैं, जो हिंदू पंचांग का एक महत्वपूर्ण महीना है और मुख्य रूप से सर्दियों से वसंत ऋतु में आने का प्रतीक है। सोमवार की आधी रात नेपाल में पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनावों से पहले चुनाव प्रचार का आखिरी दिन भी है।

## ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण

यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियां हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च



ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवत: एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### 5 मार्च को शाम 7 बजे वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा भारत-इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल

# टीम इंडिया की लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम छठी बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। वहीं यह लगातार तीसरा मौका है जब टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंची है। रोमांचक तथ्य यह है कि पिछली दो बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करने वाली टीम इंडिया का सामना इस बार भी इंग्लैंड से ही है। इस तरह टी20 विश्व कप में लगातार तीसरी बार भारत-इंग्लैंड आमने-सामने होंगे। पिछले दो मौकों में एक बार इंग्लैंड और एक बार भारतीय टीम विजेता रही है। पिछले दोनों मौकों पर जिस टीम ने सेमीफाइनल जीता था, आगे चलकर वही टीम चैंपियन बनी थी। टी20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मार्च को शाम 7 बजे से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है।





### 2024 में भारत ने जीता था खिताब

टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में एक बार फिर रोहित की कप्तानी वाली टीम इंडिया और बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड आमने-सामने थी। जॉर्जटाउन में हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 171 रन बनाए थे। इंग्लैंड की पूरी टीम 16.4 ओवर में 103 रन पर सिमट गई थी और 68 रन से मैच हार गई। भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था।

### 2022 के सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड का हुआ था सामना

टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड का सामना हुआ था। एडिलेड में हुए इस मैच में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने 6 विकेट पर 168 रन बनाए थे। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड ने 16 ओवर में बिना किसी नुकसान के 170 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीता था। फाइनल में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।

### पहली बार साल 2007 में आमने-सामने आए भारत-इंग्लैंड



टी20 वर्ल्ड कप में भारत-इंग्लैंड पहली बार साल 2007 में आमने-सामने आए, जिसमें युवराज सिंह ने लगातार 6 गेंदों पर छक्के लगाते हुए तूफानी अर्धशतक लगाया। भारत ने 4 विकेट खोकर 218 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 200/6 का स्कोर ही बना सकी और भारत ने 18 रन से मैच अपने नाम कर लिया।

### 2009 में इंग्लैंड ने लिया था बदला

टी20 वर्ल्ड कप 2009 में इंग्लैंड ने अपनी पिछली हार का बदला लिया। लंदन में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने 7 विकेट खोकर 153 रन बनाए, जिसके जवाब में भारतीय टीम 5 विकेट खोकर 150 रन ही बना सकी। यूसुफ पठान ने 17 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 33 रन की नाबाद पारी खेली, लेकिन टीम इंडिया को जीत नहीं दिला सके।

### 2012 में हारी थी इंग्लैंड

टी20 वर्ल्ड कप 2012 में ग्रुप-ए के इस मैच में भारत ने गौतम गंभीर (45), रोहित शर्मा (नाबाद 55) और विराट कोहली (4) की शानदार पारियों के दम पर 4 विकेट खोकर 170 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.4 ओवरों में 80 रन पर ऑलआउट हो गई।

# मैंने सुनी अंतरात्मा की आवाज, फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया था

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपने फोन और सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए ताकि खराब फॉर्म के दौर में भी उनका आत्मविश्वास न डगमगाए और आखिर में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के करो या मरो मैच में मैच विजेता पारी खेलकर लय हासिल कर ली। सैमसन ने कहा, 'मैंने अपने शॉट चयन पर लगातार काम किया। मैं बहुत अधिक बदलाव नहीं करना चाहता था क्योंकि मुझे पता था कि मैंने उसी तरह से खेलते हुए पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा, अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया से दूर रहा और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। मुझे खुशी है कि मैंने एक ऐसे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जो बहुत खास था।'

### मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया

सैमसन ने कहा," मैंने आत्ममंथन किया। मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया कि मैंने खुद को कैसे तैयार किया था। बहुत से लोगों ने सुझाव दिए मैंने खुद से कहा कि 'संजू, तुमने इसी प्रारुप में तीन अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं।' जब सैमसन से पूछा गया कि कोलकाता में खेली गई उनकी पारी उनके लिए क्या मायने रखती है, तो उन्होंने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि वह उस सपने को जी रहे हैं जिसे उन्होंने बचपन से संजोकर रखा है।

### हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं

*न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए सैमसन ने अपनी तकनीक में किए गए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'यह मानवीय प्रकृति है कि हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं, जैसे, 'क्या मैं ऐसा कर सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर सकता हूं।' जब भी मेरे मन में ऐसे विचार आते हैं तो मैं उन्हें सकारात्मक विचार से बदलने की कोशिश करता हूं।*

### यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था

सैमसन ने असल में अकेले दम पर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने कहा, ' यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था। हमारी बल्लेबाजी की मजबूती को देखते हुए मुझे लग रहा था कि ईडन गार्डन्स में ओस पड़ने पर 196 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो जाएगा, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया।' सैमसन ने कहा, 'यहीं पर मेरे अनुभव ने अहम भूमिका निभाई। मुझे अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन जब विकेट गिरते रहे तो मुझे लगा कि मुझे मैच का सकारात्मक अंत करना होगा।' उन्होंने कहा, ''आप हमेशा ऐसा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। इसलिए मुझे खुशी है कि इस मैच में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। जब आप दबाव वाली परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप अलग-अलग विकल्प अपनाते हैं और जोखिम भरे विकल्पों पर विचार करने के बजाय अधिक बाउंड्री लगाते हैं।''


## महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

दिनांक 04.03.2026 (बुधवार) को होली के उपलक्ष्य में दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालय जो कि मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/यात्री विपणन के अधीन कार्यरत हैं, उनके कार्य करने हेतु निम्नलिखित प्रबन्ध किये गये हैं:–

(ए) आंशिक सेवा– निम्न आरक्षण कार्यालयों में प्रातः कालीन पारी में (08:00 बजे से 14:00 बजे तक) आंशिक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, व सायंकालीन पारी में (14:00 बजे से 20:00 बजे तक) ये कार्यालय यथावत कार्यरत रहेंगे।

(1) आई0आर0सी0ए0 भवन (2) दिल्ली जंक्शन व (3) हजरत निजामुद्दीन

(बी) प्रातः कालीन पारी में (08:00 बजे से 14:00 बजे तक) निम्न आरक्षण केन्द्र बन्द रहेंगे। यह सभी कार्यालय सायंकालीन पारी (14:00 बजे से 20:00 बजे) तक यथावत कार्यरत रहेंगे।

(1) सरोजिनी नगर (2) लाजपत नगर (3) ओखला (4) कड़कड़डूमा (5) दिल्ली शाहदरा (6) आदर्श नगर (7) सब्जी मण्डी (8) कीर्ति नगर (9) तुगलकाबाद (10) शकूर बस्ती (11) रोहिणी (12) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) (13) गाजियाबाद (14) नोएडा (15) अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो (ITB), आई0आर0सी0ए0 भवन।

(सी) निम्नलिखित आरक्षण केन्द्र पूरे दिन बन्द रहेंगे:–

(1) संसद भवन (2) प्रेस क्लब ऑफ इण्डिया (3) रेलवे बोर्ड (4) सुप्रीम कोर्ट (5) दिल्ली उच्च न्यायालय तथा (6) जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय।

निम्नलिखित आरक्षण कार्यालय 04.03.2026 (बुधवार) को प्रातः कालीन पारी (08:00 बजे से 14:00 बजे) में दिल्ली मण्डल पर होली के अवसर पर बन्द रहेंगे : आनंद विहार टर्मिनल (पीआरएस), साहिबाबाद, नया गाज़ियाबाद, गुड़गांव, पालम, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल, नरेला, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, जींद, मानसा, रोहतक, बहादुर गढ़, नांगलोई, शामली, मुराद नगर, मोदी नगर, मौड़, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, मुज़फ्फ़र नगर, खतौली, देवबन्द, दारूल उलूम, बड़ौत, गोहाना, पटौदी रोड, ग्रेटर नोएडा, नोली, साकेत कोर्ट, द्वारका कोर्ट, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी), शकूर बस्ती, समालखा, गन्नौर, शाहाबाद मारकंडा, टोहाना, टपरी, नरवाना, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (एमटीसी)।

नई दिल्ली (पहाड़ गंज और अजमेरी गेट की तरफ), दिल्ली जं., हज़रत निज़ामुद्दीन, आनंद विहार एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशनों पर वर्तमान आरक्षण कार्यालय हर रोज़ की तरह सामान्य समयानुसार कार्य करेंगे।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें :-

707/2026

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## खबर संक्षेप



### एनएसडब्ल्यू ओपनः संयुक्त 20वें स्थान पर रही दीक्षा

**वोलोंगोंग।** कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर महिला एनएसडब्ल्यू ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 20वें स्थान पर रही। दीक्षा ने पहले दौर में छह ओवर 77 का स्कोर बनाया था और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बाद हालांकि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और अंतिम दौर में 68 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर आठ अंडर 276 रहा। फ्रांस की खिलाड़ी अगाथे लैस्ने ने खिताब जीता। उन्होंने 16 अंडर के कुल स्कोर के साथ थाईलैंड की एप्रिल अंगुरसारानी और कोरिया की सूमिन ओह पर एक शॉट से जीत हासिल की।

### नई दिल्ली में एसजेएफआई का राष्ट्रीय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) का राष्ट्रीय सम्मेलन 13 से 16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। पिछले 30 वर्षों में पहला अवसर होगा जबकि एसजेएफआई का वार्षिक सम्मेलन राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) इस सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जिसमें एसजेएफआई अपनी स्थापना की स्वर्ण जयंती भी मनाएगा।

# दुबई में फंसी सिंधु, ऑल इंग्लैंड ओपन में बाहर रहना तय

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मंगलवार से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर रहना तय है क्योंकि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह दुबई में फंस गई हैं। खिलाड़ियों के यात्रा संबंधी बाधाओं ने सुपर इस 1000 प्रतियोगिता की तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

सिंधु शनिवार से दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सिंधु और उनके कोच इंडोनेशिया के इरवानस्याह आदि प्रतामा दुबई में फंसे हुए हैं। वह उनके ठहरने के स्थान के करीब हुए विस्फोट में बाल-बाल बच गए थे। खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने के कारण उन्हें बाद में एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।



### लक्ष्य का मुकाबला शी यु ची से

भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरते युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी यात्रा संबंधी किसी भी तरह की समस्या के बिना पहुंच गए हैं। लक्ष्य का पहले दौर में मुकाबला चीन के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी शी यु ची से होगा, जबकि आयुष इंडोनेशिया के अलवी फरहान के खिलाफ खेलेंगे। लक्ष्य के लिए पहले दौर की चुनौती बड़ी मुश्किल होगी क्योंकि वह चीन के खिलाड़ी से पिछले पांच मुकाबलों में से चार में हार चुके हैं। आयुष को भी फरहान से पांच मुकाबलों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स का मुकाबला भी शामिल है।

### मालविका का सामना युफेई से

महिला एकल वर्ग में मालविका बंसोड़ को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन युफेई के खिलाफ कड़ी शुरुआती चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उन्नति हुडा अफ्रीका के रास्ते यहां पहुंची है और उन्हें अपने पहले मैच में थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ने पर जेट लैग से उबरने की जरूरत होगी। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले दौर में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई के खिलाफ खेलेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना जापान की सायका हिरोटा और अयाको सकुरामोतो से होगा। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो का मुकाबला मलेशिया के हू पांग रॉन और चेंग सु यिन से, जबकि रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे का फ्रांस के थॉम गिक्वेल और डेल्फिन डेलरू से होगा।

### टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारत आएगी अफगानिस्तान टीम

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच अक्सर टी20 मुकाबले खेले जाते हैं, लेकिन जल्द ही अफगानिस्तान और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट और वनडे सीरीज होने वाली है। बीसीसीआई ने भारत-अफगानिस्तान के बीच होने वाली टेस्ट और वनडे सीरीज का ऐलान कर दिया है। एकमात्र टेस्ट 6 से 10 जून तक न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 14 जून को धर्मशाला में, दूसरा मैच 17 जून को लखनऊ में और तीसरा मैच 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा। तीनों वनडे दोपहर 1:30 बजे से खेले जाएंगे।

## बीसीसीआई ने स्पेशल कैंप के लिए जहीर-हरभजन से किया कॉन्टैक्ट





**कोलकाता।** बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह से बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए संपर्क किया है। बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं, जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

### ऑफ स्पिनरों को करेंगे तैयार हरभजन

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'लक्ष्मण ने विशेष शिविरों के लिए जहीर, हरभजन और अनिल कुंबले से संपर्क किया है। हरभजन ऑफ स्पिनरों के लिए चार या पांच दिवसीय शिविर के लिए अपना कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। वह उन उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करने के लिए उत्सुक हैं, जिन्होंने आयु वर्ग और भारत ए स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।' उन्होंने कहा, 'यह एक स्वागत योग्य पहल है, जहां भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल चुके खिलाड़ी अगली पीढ़ी के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे।'


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदाएँ आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | टेंडर नं. | एलपी–मेड–01–एसडीएच–एसआरई, एलपी–मेड–01–एचयू–बीटीआई |
| 2. | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे एसडीएच सहारनपुर और स्वास्थ्य इकाई बठिंडा, दो साल के लिए समय–समय पर जारी दवा खरीद नीति और आईआरपी के अनुसार दवा, सर्जिकल आइटम और उपभोग्य सामग्रियों आदि की दिन–प्रतिदिन की खुदरा स्थानीय खरीद के लिए खुदरा आपूर्तिकर्ता का पैनल । |
| 3. | धरोहर राशि/ सहारनपुर | निविदा संख्या:– एलपी–मेड–01–एसडीएच–एसआरई के लिए आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान मोड के माध्यम से 36,000/– रुपये |
| | धरोहर राशि/ बठिंडा | निविदा संख्या:–एलपी–मेड–01–एचयू–बीटीआई के लिए आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान मोड के माध्यम से 36,000/– रुपये |
| 4. | पूर्णता अवधि | 2 साल। |
| 5. | टेंडर जमा करने और खोलने की अंतिम तिथि और समय | 24/03/2026 को 15.00 बजे तक और 24.03.2026 को 15.10 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट के कार्यालय में खुलेगा। |
| 6. | उत्तर रेलवे वेबसाइट | https://ireps.gov.in. निविदाकर्ता अपने जोखिम पर बोली लगाना शुरू कर सकते हैं। |

संख्या: एलपी–मेड–01–एसडीएच–एसआरई, एलपी–मेड–01–एचयू–बीटीआई
दिनांक: -28/02/2026 702/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## डी गुकेश की गलती और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने जीता एक और मैच

एजेंसी ▶▶| प्राग

■ प्राग शतरंज महोत्सव: समय की कमी के कारण गंवाना पड़ा अंक

विश्व चैंपियन डी गुकेश अच्छी स्थिति में होने के बावजूद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार गए। एक महीने पहले भी टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान अच्छी स्थिति में होने के बावजूद गुकेश अब्दुसत्तोरोव से हार गए थे। लेकिन यहां पांचवें दौर की बाजी में एक समय ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे। काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन समय की कमी के कारण आखिर में उन्हें अंक गंवाना पड़ा।



### दिव्या ने टूर्नामेंट में दर्ज की अपनी पहली जीत

चैलेंजर्स वर्ग में विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने साथी भारतीय खिलाड़ी सूर्य शेखर गांगुली को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। वहीं स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोव को जबकि ईरान के परहम मगसूदलू ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को हराया।

### बाबर आजम, शाहीन और सलमान पर पीसीबी ने ठोका 50 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। इस वर्ल्ड कप में उनकी टीम सेमीफाइनल में भी जगह नहीं बना पाई और सुपर-8 से ही बाहर हो गई। इस खराब प्रदर्शन को देखने के बाद पाकिस्तानी प्लेयर्स पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों पर जुर्माना लगा दिया है। ये जुर्माना पाकिस्तान टीम के बड़े प्लेयर्स शाहीन अफरीदी, बाबर आजम और कप्तान सलमान अली आगा पर भी लगाया गया है। इन तीनों ही प्लेयर्स ने इस वर्ल्ड कप में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया। रिपोर्ट के अनुसार, जारी टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की खराब परफॉर्मेंस का असर अब उनके खिलाड़ियों पर देखने को मिला है। यह उनके लिए महंगी साबित हुई है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला कैंट में लोनिवि कॉलोनी में 20 मिमी मोटी प्रीमिक्स कार्पेट के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार + 3 कार्य। | 25.02.2026 05.03.2026 | 53.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417362462 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में नये बस स्टैंड का निर्माण (सोलर पावर प्लांट का प्रावधान) + 1 कार्य। | 27.02.2026 09.03.2026 | 26.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662225651 pwd-eeed- hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में गांव भाटोल जाट्टान में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का पुनर्निर्माण (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | 27.02.2026 05.03.2026 | 51.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव सोंगल में जूडो हॉल के स्थान पर बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण (सीएम घोषणा 25131 दिनांक 22.02.2019 के तहत)। | बंद होने की तिथि 09.03.2026 | 375.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में कोर्ट कॉम्पलैक्स में कमजोर गवाह न्यायालय के लिए विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 05.03.2026 | 1.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में कोर्ट नं. 13 का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 05.03.2026 | 1.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव सलवान ब्लॉक असंध, जिला करनाल में मनसा देवी रोड पर मास्टर अमरीश पुत्र राजपाल के खेत से जोगिन्दर पुत्र हुकम सिंह के खेत तक आईएलपीबी रास्ता के निर्माण का विस्तृत आकलन, स्कीम-एचजीवीवाई + 6 कार्य। | 28.02.2026 09.03.2026 | 264.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | वार्ड नं. 16, हिसार टाउन पर डी-सिल्टेड गाद को शहर से बाहर निपटान समेत गाद निकालने के कार्य के लिए आवश्यक गाद निकालने की मशीनरी का उपयोग करते हुए यांत्रिक तरीके से सीवरेज मैनहोल की गाद निकालना इत्यादि + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.03.2026 | 11.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा झज्जर | आरडी 0.000 से 42.590 कि.मी. तक आउटफॉल ड्रेन नं. 8 की क्रिटिकल पहुंचों की गाद निकालना और मजबूतीकरण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 05.03.2026 | 455.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050805156 xenjwsdnjjr@rediffmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नरवाना | बीडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमण्डल नरवाना में धमतान डिस्टी. में बाढ़ के पानी का पुनःउपयोग करने के लिए गांव उझाना में आरडी 92000-आर धमतान डिस्टी. पर पम्प हाउस का निर्माण + 1 कार्य। | 25.02.2026 11.03.2026 | 84.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पानीपत | ड्रेन के ओवरफ्लो से आबादी को बचाने के लिए ट्रिब्यूटरी ड्रेन नं. 3 के आरडी 95620 और आरडी 142500 पर 2 अदद वीआर ब्रिजेज का पुनर्निर्माण/निर्माण और ट्रिब्यूटरी ड्रेन नं. 3 के डिजाइन सेक्शन की ब्रिंगिंग + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.03.2026 | 111.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/220/43457/I/88/6 दि. 02.03.26




ब्रिटिश पीएम द्वारा समझौते के बाद भी डिएगो गार्सिया एयरबेस का इस्तेमाल नहीं करने देने पर भड़के ट्रंप

# प. एशिया में तनाव के बीच ट्रंप-स्टार्मर आमने-सामने, कहा प्रधानमंत्री ने एयरबेस का पहले इस्तेमाल नहीं करने दिया

**1** कीर ने कहा-विशेष और सीमित रक्षा उद्देश्यों के लिए ही डिएगो गार्सिया का इस्तेमाल करने देंगे

**2** रविवार रात अचानक स्टार्मर का बदल गया रुख

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका - ईरान जंग: विश्व युद्ध की आहट

पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच टकराव के कारण हालात चिंताजनक हैं। अमेरिका-इजराइल एक साथ ईरान पर हमले कर रहे हैं। जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने भी अमेरिका के कई सैन्य ठिकानों पर मिसाइलों से हमले किए हैं। पश्चिम एशिया में वैश्विक ताकतों के टकराव से उपजे तनावपूर्ण हालात के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर आमने-सामने आ गए हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि ब्रिटिश पीएम ने उन्हें ईरान पर हमले के लिए डिएगो गार्सिया एयरबेस का इस्तेमाल नहीं करने दिया। उन्हें ऐसे व्यवहार पर गहरा अफसोस हुआ है।ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह ईरान पर हमले के लिए डिएगो कार्सिया सैन्य अड्डे के इस्तेमाल की अनुमति न देने पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर से बहुत निराश हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री का शुरू में अमेरिकी सेनाओं को चागोस द्वीप समूह के इस सैन्य अड्डे का इस्तेमाल करने से रोकना ऐसा था, जैसा दोनों देशों के संबंधों में पहले कभी नहीं हुआ। ब्रिटेन ने अंतरराष्ट्रीय कानून का हवाला देते हुए पहले अमेरिका को डिएगो गार्सिया और आरएएफ फेयरफोर्ड जैसे ठिकानों से हमले करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, रविवार रात स्टार्मर का रुख बदला। उन्होंने कहा कि वह 'विशेष और सीमित रक्षा उद्देश्यों' के लिए ही डिएगो गार्सिया का इस्तेमाल करने देंगे। ट्रंप ने कहा कि स्टार्मर ने फैसला बदलने में बहुत ज्यादा समय लगा दिया।




## चागोस समझौते को ट्रंप ने वापस लिया

*डिएगो कार्सिया को लेकर इस विवाद के चलते राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री के उस विवादित चागोस समझौते से समर्थन वापस ले लिया, जिसके तहत हिंद महासागर के इस क्षेत्र का स्वामित्व मॉरीशस को सौंपकर सैन्य अड्डा वापस लीज पर लेने की योजना थी। ट्रंप ने कहा, अचानक मॉरीशस ने मालिकाना हक का दावा करना शुरू कर दिया। उन्हें (कीर स्टार्मर) पर डटे रहना चाहिए था और इसे अपने पास रखना चाहिए था या फिर स्पष्ट तौर पर सौंप देना चाहिए था। लेकिन नहीं, हम कीर से बहुत निराश हैं।*

## ट्रंप ने ब्रिटेन में मौतों के लिए ईरान को जिम्मेदार माना

ईरान पर अमेरिकी हमलों के दो दिन बाद ट्रंप ने कहा कि यह अभियान तय समय से काफी आगे चल रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि स्टार्मर को शुरू से ही डिएगो गार्सिया के इस्तेमाल की अनुमति देनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान आपके देश (ब्रिटेन) के कई लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, ऐसे लोग हैं जो हाथ, पैर और चेहरे खो चुके हैं। इनमें से 95 फीसदी मामलों के पीछे ईरान है। हालांकि, उन्होंने किसी विशेष घटना का जिक्र नहीं किया।

## जंग के बीच ईशा अबू धाबी में फंसीं, माधवन अमेरिका में

**नई दिल्ली।** इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष की खबरें और हवाई क्षेत्र बंद होने के विजुअल्स इंटरनेट पर वायरल हुए, वैसे ही अजित कुमार और आर माधवन जैसे बड़े सितारों के नाम ट्रेंड करने लगे। चूंकि इन दोनों अभिनेताओं का दुबई में अपना घर है और वे अक्सर वहां समय बिताते हैं, इसलिए प्रशंसक उनकी सुरक्षा को लेकर रियल-टाइम अपडेट्स की मांग करने लगे। सोशल मीडिया पर बढ़ती अफवाहों और प्रशंसकों की बेचैनी को देखते हुए बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट की गई। आर माधवन ने स्वयं इस बात की पुष्टि की है कि वह वर्तमान में दुबई में नहीं, बल्कि अपने परिवार के साथ यूनाइटेड स्टेट्स में हैं। उन्होंने बताया कि वह पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्होंने अपने प्रशंसकों को उनकी फिक्र और दुआओं के लिए धन्यवाद दिया। माधवन ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक मिडिल ईस्ट के हालात सामान्य नहीं हो जाते, वे अमेरिका में ही रुकेंगे। उनके इस सीधे और स्पष्ट जवाब ने सोशल मीडिया पर चल रही अनवेरिफाइड रिपोर्ट्स और अफवाहों पर विराम लगा दिया, जिससे प्रशंसकों ने राहत की सांस ली।

# पाकिस्तान का दावा- मार गिराए 350 तालिबानी, रमजान में चल रही जंग और तेज

- *साढ़े 5 सौ से ज्यादा लोग हुए घायल*
- *अफगान का दावा पाक के दो मिलिट्री बेस और 19 मिलिट्री पोस्ट पर कब्जा किया*



**इस्लामाबाद ।** इजराइल और ईरान में जारी जंग के बीच भारत के पड़ोस में भी युद्ध तेज हो रहा है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध का आज चौथा दिन है। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में अब तक 350 से ज्यादा तालिबान लड़ाके मारे गए हैं। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने दावा किया है कि उनके मुल्क ने अफगानिस्तान के 41 ठिकानों पर हमले किए हैं। इन हमलों में तालिबान की 130 चौकियों को तबाह कर दिया गया है। इसके अलावा 530 लोग जख्मी हुए हैं और साढ़े 3 सौ लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने इससे पहले ऐलान किया था कि अफगानिस्तान के साथ अब हम खुली जंग में हैं। उनका कहना था कि तालिबान ने हमारी सीमा में घुसकर हमले किए हैं और अब हम उनका जवाब देंगे। इसके बाद पाकिस्तान ने काबुल, कंधार समेत अफगानिस्तान के बड़े शहरों को टारगेट करते हुए हमले किए थे। तुर्की और कतर जैसे मुल्कों ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश की थी, लेकिन फेल रहे। दोनों इस्लामिक देशों के बीच जारी इस जंग ने साउथ एशिया में ऐसे वक्त में तनाव बढ़ाया है, जब पड़ोस में ही ईरान और इजरायल भी जंग लड़ रहे हैं। उस युद्ध में अमेरिका भी इजरायल के साथ मिलकर हमले कर रहा है। वहीं अफगानिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। इसके अलावा पाकिस्तान के दो मिलिट्री बेस और 19 मिलिट्री पोस्ट भी कब्जाने का दावा किया है। पाकिस्तान ने ऐसे दावों को खारिज किया है।

हिंसक प्रदर्शन के चलते सुरक्षा अलर्ट जारी

## पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर वीजा सेवाएं की गईं स्थगित

*__इस्लामाबाद।__ पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों के बाहर हिंसक प्रदर्शन और झड़पों की खबरों के बीच अमेरिकी सरकार ने सुरक्षा चेतावनी जारी की है। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि लाहौर और कराची में जारी प्रदर्शन और हिंसा, साथ ही इस्लामाबाद और पेशावर में अतिरिक्त विरोध प्रदर्शन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, अमेरिकी कर्मचारियों को सीमित गतिविधि और घर पर रहने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा चेतावनी में अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचार पर नजर रखने, भीड़ से दूर रहने, अपने आसपास सतर्क रहने और अपने रजिस्ट्रेशन को अपडेट रखने की सलाह दी गई है। अमेरिकी दूतावास ने बताया कि कराची और लाहौर के वाणिज्य दूतावास, तथा इस्लामाबाद अमेरिकी दूतावास में 2 मार्च के सभी वीजा अपॉइंटमेंट और अमेरिकी नागरिक सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। गौरतलब है कि कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर हिंसक प्रदर्शन हुए। इसके बाद एक अमेरिकी रूढ़िवादी (कंजरवेटिव) कार्यकर्ता ने अमेरिका के विदेश विभाग से मांग की है कि पाकिस्तानियों के सभी वीजा, यहां तक कि ग्रीन कार्ड भी रद्द कर दिए जाएं। लॉरा लूमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री मार्को रुबियो को टैग करते हुए लिखा 'अमेरिकी विदेश विभाग को पाकिस्तानियों के सभी वीजा और ग्रीन कार्ड भी जब तक संभव हो, निलंबित कर देने चाहिए।'*

ओमान के पास ऑयल टैंकर पर ईरान का हमला, एक भारतीय की दर्दनाक मौत

## टैंकर में करीब 59,463 मीट्रिक टन कच्चा माल लदा हुआ था

**एजेंसी,नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में भड़की युद्ध की आग अब समंदर के रास्तों को भी अपनी चपेट में ले रही है। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच, ओमान के तट के करीब एक बड़े तेल टैंकर पर हमला हुआ है। इस खौफनाक हमले में एक भारतीय नाविक की मौत हो गई । यह घटना अंतरराष्ट्रीय व्यापार और समुद्री सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभरी है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले इस कॉमर्शियल ऑइल टैंकर का नाम 'एमकेडी व्योम' है। जानकारी के मुताबिक, यह जहाज मस्कट गवर्नरेट के तट से लगभग 52 नॉटिकल मील की दूरी पर था, जब एक मानव रहित नाव ने इसे अपना निशाना बनाया। जिस वक्त यह हमला हुआ, टैंकर में करीब 59,463 मीट्रिक टन कच्चा माल लदा हुआ था। ड्रोन के टकराते ही जहाज के मुख्य इंजन रूम में जोरदार धमाका हुआ और भीषण आग लग गई। इसी धमाके की




चपेट में आने से एक भारतीय क्रू मेंबर की दर्दनाक मौत हो गई। राहत की बात यह रही कि हमले के तुरंत बाद रैस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। जहाज पर कुल 21 क्रू मेंबर मौजूद थे, जिनमें 16 भारतीय, चार बांग्लादेशी और एक यूक्रेन का नागरिक शामिल था। पनामा के झंडे वाले एक अन्य व्यापारिक जहाज 'एमवी सैंड' ने मुस्तैदी दिखाते हुए इन सभी 21 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## भारत रूस से 5 एस-400 सुदर्शन डिफेंस सिस्टम खरीदेगा

- पाकिस्तान-चीन सीमा पर तैनात किया जाएगा

**नई दिल्ली।** भारत रूस से 5 नए एस-400 'सुदर्शन' एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने की तैयारी में है। रक्षा मंत्रालय जल्द ही वायुसेना के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए आगे बढ़ाएगा। पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 सिस्टम के प्रदर्शन के बाद और खरीदने का निर्णय लिया गया है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि नए सिस्टम को पूर्वी और पश्चिमी दोनों सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। इससे चीन और पाकिस्तान, दोनों मोर्चों पर भारत की हवाई सुरक्षा क्षमता मजबूत होगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी और पाकिस्तान के 5-6 लड़ाकू विमानों और एक जासूसी विमान को 300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर मार गिराया था। वायुसेना ने एस-400 को भारत की हवाई सुरक्षा रणनीति का गेम चेंजर बताया था। भारत और रूस के बीच 2018 में एस-400 सिस्टम के 5 स्क्वाड्रन खरीदने का समझौता हुआ था। अब तक इनमें से 3 स्क्वाड्रन भारतीय वायुसेना में शामिल होकर ऑपरेशनल हो चुके हैं, जबकि बाकी की आपूर्ति प्रक्रिया जारी है। वायुसेना एस-400 सिस्टम के लिए बड़ी संख्या में अतिरिक्त मिसाइलें भी खरीदने पर विचार कर रही है। इसके लिए रूस के साथ बातचीत जारी है और जल्द ही टेंडर फिर से जारी किया जा सकता है।

# एआई जेनरेटेड सबूतों पर फैसला लेना बिल्कुल गलतः सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) की मदद से बनाए गए सबूतों पर फैसला लिखना गलत काम है। कोर्ट ने कहा कि ये कोई गलती से होने वाला काम नहीं है। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि इसके नतीजों और जवाबदेही की जांच करना चाहते हैं क्योंकि इसका सीधा असर फैसले की प्रक्रिया की ईमानदारी पर पड़ता है।

कोर्ट ने इस मामले में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया है। दरअसल, पिछले साल अगस्त में आंध्र प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट ने विवादित प्रॉपर्टी के केस में एआई से बनी तस्वीर के आधार पर फैसला दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा

अगर किसी फैसले का आधार गैर-मौजूद या नकली सबूत हों, तो यह सिर्फ गलती नहीं बल्कि गंभीर गलत आचरण (मिसकंडक्ट) है।
ऐसे मामले में कानूनी कार्रवाई हो सकती है। अटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर जनरल और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया जाता है।




मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शांति बनाए रखने की अपील की

# खामेनेई की मौत से कश्मीर में प्रदर्शन तेज, श्रीनगर का लाल चौक किया गया सील, इंटरनेट सेवाएं हुईं ठप

- *खामेनेई की तस्वीरें और झंडे लिए बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल*
- *जगह-जगह पर भारी पुलिस बल तैनात, कई जगह झड़पें हुईं*

एजेंसी ▶▶ जम्मू



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों को फैलने से रोकने के लिए श्रीनगर और कश्मीर के कई अन्य हिस्सों में प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। लाल चौक, जो प्रदर्शनों का मुख्य केंद्र है, उसे पूरी तरह बंद कर दिया गया है। मोबाइल इंटरनेट सेवा प्रतिबंधित कर दी गई है और कश्मीर भर के सभी स्कूलों और कॉलेजों दो दिनों के लिए बंद कर दिए गए हैं। वहीं, कई धार्मिक और सामाजिक समूहों ने सोमवार को बंद रखा गया। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने भी इस बंद का समर्थन किया है। बता दें कि खामेनेई की हत्या के विरोध में कश्मीर भर में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं। इसके अलावा, श्रीनगर में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह के मुख्यालय के सामने भारी भीड़ जमा हुई और उन्होंने अमेरिका, इजरायल और उसके सहयोगियों के खिलाफ नारे लगाए। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने घाटी में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच शांति बनाए रखने की अपील की है। अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी सरकार विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि ईरान में मौजूद छात्रों सहित जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित की जा सके। इलाके में भारी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई थी, और जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात समेत शीर्ष अधिकारी स्वयं प्रदर्शन स्थलों पर मौजूद थे। वहीं, किसी भी अप्रिय घटना या हिंसा की कोई रिपोर्ट नहीं मिली, क्योंकि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहे।

### प्रदर्शन के दौरान लगाए गए नारे

*अमेरिका का जो यार है, गद्दार है, इजराइल का यार है गद्दार है। जैसे नारों के साथ प्रदर्शन किया गया। श्रीनगर के सोनवार स्थित संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह के कार्यालय में प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस ने मेन गेट पर बैरिकेड लगा दिए थे, जिस कारण संयुक्त राष्ट्र कार्यालय का कोई भी अधिकारी बाहर नहीं आया। प्रदर्शनकारियों ने कई घंटों तक कार्यालय में धरना दिया और शोक व्यक्त करते हुए तथा नारे लगाते हुए सड़क को जाम कर दिया। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में यह पहली बार है कि श्रीनगर में इतने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति दी गई है। खामेनेई शिया मुस्लिमों के लिए एक केंद्रीय और अहम धार्मिक नेता थे। उनके प्रति गहरी श्रद्धा के कारण ही घाटी में इस तरह का आक्रोश और शोक देखने को मिला।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28